Register your product and get support at

www.philips.com/welcome

HTS9140




PHILIPS

# विषय-सूची


1 सूचना 2
कॉपीराइट 2
अनुपालन 2
मुख्य फ़्यूज़ (केवल UK) 2
ओपन सोर्स सॉफ़्टवेयर 2
ट्रेडमार्क्स 2

2 महत्वपूर्ण 4
सुरक्षा 4
उत्पाद की देखभाल 4
आपके पुराने उत्पाद और बैटरीज़ का निपटान 5
3D स्वास्थ्य चेतावनी 5

3 आपका होम थिएटर 5
मुख्य इकाई 5
रिमोट कंट्रोल 6

4 अपना होम थिएटर कनेक्ट करें 8
कनेक्टर्स 8
TV से कनेक्ट करें 9
ऑडियो को TV या अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें 10
किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें 11
Wi-Fi USB एडॉप्टर कनेक्ट करें 12

5 अपने होम थिएटर का उपयोग करें 12
आपके द्वारा प्रारंभ करने से पहले 12
होम मेनू तक पहुँच प्राप्त करें 12
अपनी ध्वनि चुनें 13
एक डिस्क चलाएँ 14
ब्लू-रे पर बोनस दृश्य का उपयोग करें 15
ब्लू-रे पर BD-लाइव तक पहुँच प्राप्त करें 15
3D वीडियो चलाएँ 15
किसी USB संग्रहण डिवाइस से चलाएँ 16
डिस्क या USB के लिए अधिक चलाएँ सुविधाएँ 16
PC (DLNA) से चलाएँ 17
नेट TV ब्राउज़ करें 18
रेडियो से चलाएँ 18
TV या अन्य डिवाइसेज़ से ऑडियो चलाएँ 19
एक MP3 प्लेयर से चलाएँ 19
एक iPod या iPhone से चलाएँ 19
Philips EasyLink का उपयोग करें. 19

6 सेटिंग्स परिवर्तित करें 20
सेटअप मेनू तक पहुँच प्राप्त करें 20
वीडियो सेटिंग्स परिवर्तित करें 20
ऑडियो सेटिंग्स परिवर्तित करें 21
नेटवर्क सेटअप करें 21
EasyLink सेटअप करें 21
प्राथमिकता सेटिंग्स परिवर्तित करें 22
उन्नत सेटिंग्स परिवर्तित करें 22

7 सॉफ़्टवेयर का अद्यतन करें 23
सॉफ़्टवेयर संस्करण जाँचें 23
नेटवर्क से सॉफ़्टवेयर अद्यतन करें 23
USB से सॉफ़्टवेयर अद्यतन करें 23

8 उत्पाद विनिर्देशन 24

9 समस्या निवारण 25

10 अनुक्रमणिका 27


हिंदी

# 1 सूचना

## कॉपीराइट

Be responsible
Respect copyrights

यह आइटम अमेरिका द्वारा सुरक्षित कॉपीराइट संरक्षण तकनीक शामिल करता है. Rovi Corporation के पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार. विपरीत अभियांत्रिकी या निराकरण प्रतिबंधित है.

### UK में कॉपीराइट

सामग्री की रिकॉर्डिंग और प्लेबैक के लिए सहमति की आवश्यकता होती है. कॉपीराइट एक्ट 1956 और परफ़ॉर्मर्स प्रोटेक्शन एक्ट्स 1958 से 1972 देखें.

## अनुपालन

CE

इस उत्पाद का आवश्यक आवश्यकताओं और निर्देशों के अन्य संबंधित प्रावधान 2006/95/EC (निम्न वोल्टेज), 2004/108/EC (EMC) के साथ अनुपालन होना है.

## मुख्य फ़्यूज (केवल UK)

यह उत्पाद एक स्वीकृत मोड्यूल प्लग के साथ फ़िट किया जाता है. यदि मुख्य फ़्यूज को बदला जाना आवश्यक हो जाए, तो इसे उसी मान वाले किसी फ़्यूज के साथ बदला जाना चाहिए जैसा कि प्लग में इंगित है (उदाहरण 10A).

1 फ़्यूज कवर और फ़्यूज को निकालना.
2 प्रतिस्थापित फ़्यूज BS 1362 के अनुपालन में होना चाहिए और इस पर ASTA स्वीकृत निशान होना चाहिए. यदि फ़्यूज खो जाए, तो सही किस्म की जाँच करने के लिए अपने डीलर से संपर्क करें.
3 फ़्यूज कवर को फिर से फ़िट करें.

नोट

- EMC दिशानिर्देश (2004/108/EC) की पुष्टि करने के लिए, इस उत्पाद का मुख्य प्लग मुख्य कॉर्ड से अलग नहीं होना चाहिए.

## ओपन सोर्स सॉफ़्टवेयर

Philips Electronics Singapore Pte Ltd यहाँ, अनुरोध पर, इस उत्पाद में उपयोग किए गए कॉपीराइटेड ओपन सोर्स सॉफ़्टवेयर पैकेज के लिए संगत सोर्स कोड की एक पूरी प्रति देने की पेशकश करता है, जिसके लिए ऐसी पेशकश का अनुरोध संबंधित लाइसेंसों द्वारा किया गया हो. यह पेशकश यह सूचना पाने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उत्पाद की खरीद के दिन से तीन वर्षों तक वैध है. सोर्स कोड प्राप्त करने के लिए, open.source@philips.com पर संपर्क करें. यदि आप ईमेल का उपयोग नहीं करना चाहते हों, या यदि आप इस ईमेल पते पर मेल करने के बाद एक सप्ताह के अंदर प्राप्ति सूचना नहीं पाते हैं, तो अंग्रेजी में कृपया "Open Source Team, Philips Intellectual Property & Standards, P.O. Box 220, 5600 AE Eindhoven, The Netherlands" पर पत्र लिखें. यदि आपको समय से आपके पत्र की पुष्टि की सूचना न मिले, तो कृपया ऊपर बताए ईमेल पते पर ईमेल करें. इस उत्पाद में उपयोग किए गए ओपन सोर्स सॉफ़्टवेयर के लाइसेंसों का पाठ और अभिस्वीकृति एक अलग लीफ़लेट में शामिल किए गए हैं.

## ट्रेडमार्क्स

Blu-ray 3D™

"ब्लू-रे 3D" और "ब्लू-रे 3D" लोगो ब्लू-रे डिस्क एसोसिएशन के ट्रेडमार्क्स हैं.

BD LIVE

BONUSVIEW™
'BD LIVE' और 'BONUSVIEW' Blu-ray Disc Association के ट्रेडमार्क है.

Java POWERED

JAVA और अन्य JAVA ट्रेडमार्क और लोगो अमेरिका में तथा/अथवा अन्य देशो में Sun Microsystems, Inc के ट्रेडमार्क या पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं.

AVCHD™

AVCHD' और 'AVCHD' लोगो Matsushita Electric Industrial Co., Ltd और Sony Corporation के ट्रेडमार्क है.

## x.v.Colour

'x.v.Colour' Sony Corporation का ट्रेडमार्क हैं

DLNA®, DLNA लोगो और DLNA CERTIFIED® Digital Living Network Alliance के ट्रेडमार्क्स, सेवा मार्क्स या प्रमाणीकरण मार्क्स हैं.

यू.एस. के अंतर्गत लाइसेंस के अंतर्गत निर्मित पेटेंट #: 5,451,942; 5,956,674; 5,974,380; 5,978,762; 6,226,616; 6,487,535; 7,392,195; 7,272,567; 7,333,929; 7,212,872 और अन्य यू.एस. और विश्वस्तर पर पेटेंट जारी और लंबित. DTS और चिह्न पंजीकृत ट्रेडमार्क्स हैं और DTS-HD और Master Audio | Essential और DTS लोगो DTS, Inc. के ट्रेडमार्क्स हैं. उत्पाद में साफ़्टवेयर शामिल है. © DTS, Inc. सर्वाधिकार आरक्षित.

Dolby Laboratories से लायसेंस के अंतर्गत निर्मित. Dolby, Pro Logic और दोहरे-D का चिन्ह Dolby Laboratories के ट्रेडमार्क हैं.

DivX®, DivX प्रमाणित® और संबद्ध लोगों DivX, Inc. और के पंजीकृत ट्रेडमार्क्स हैं और उनका उपयोग लाइसेंस के अंतर्गत किया जाता है.

DivX Ultra® उन्नत सुविधाओं और प्रीमियम सामग्री के साथ DivX® वीडियो चलाने के लिए प्रमाणित है.

DIVX वीडियो के बारे में: DivX® DivX, Inc. द्वारा बनाया गया एक डिजिटल वीडियो स्वरूप है. यह एक आधिकारिक DivX प्रमाणित डिवाइस है जो DivX वीडियो चलाता है. अधिक जानकारी के लिए www.divx.com और अपनी फ़ाइलों को DivX वीडियो में कनवर्ट करने के लिए सॉफ़्टवेयर उपकरणों पर जाएँ.

DIVX वीडियो-ऑन-डिमांड के बारे में: इस DivX प्रमाणित ® डिवाइस का DivX वीडियो-ऑन-डिमांड (VOD) सामग्री चलाने के लिए पंजीकृत होना आवश्यक है. पंजीकरण कोड जनरेट करने के लिए, अपने डिवाइस सेटअप मेनू में DivX VOD अनुभाग खोजें. पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए इस कोड के साथ vod.divx.com पर जाएँ और DivX VOD के बारे में और जानें.

Windows Media और Windows लोगो संयुक्त राज्य और/या अन्य देशों में Microsoft Corporation के ट्रेडमार्क्स या पंजीकृत ट्रेडमार्क्स हैं.

HDMI, और HDMI लोगो, और उच्च-निर्धारण मल्टीमीडिया इंटरफ़ेस HDMI के पंजीकृत ट्रेडमार्क्स हैं जिन्हें अमेरिका और अन्य देशों में LLC लाइसेंस प्राप्त है.

USB-IF लोगो Universal Serial Bus Implementers Forum, inc. के ट्रेडमार्क हैं

LASER RADIATION
AVOID EXPOSURE TO BEAM
CLASS 3B LASER PRODUCT

# 2 महत्वपूर्ण

अपने होम थिएटर का उपयोग करने से पहले सभी निर्देशों को पढ़ और समझ लें. अगर निर्देशों का अनुसरण न करने के कारण कोई क्षति होती है, तो वारंटी लागू नहीं होती है.

## सुरक्षा

विघुत के झटके या आग का खतरा!

- उत्पाद या एक्सेसरीज़ को कभी भी बारिश या पानी में न ले जाएँ. तरल पदार्थों के कंटेनर्स, जैसे फूलदान उत्पाद के पास कभी भी न रखें. यदि तरल पदार्थ उत्पाद पर या उसमें फैल जाते हैं, तो इसे तुरंत पावर आउटलेट से डिस्कनेक्ट कर दें. उपयोग करने से पहले उत्पाद की जाँच कराने के लिए Philips उपभोक्ता सेवा से संपर्क करें.
- उत्पाद और एक्सेसरीज़ को कभी भी सीधी धूप सहित खुली लपटों या अन्य गर्म स्रोतों के पास न रखें.
- उत्पाद में कभी भी हवा आने-जाने वाले खाँचों या अन्य खुले स्थानों पर ऑब्जेक्ट्स न डालें.
- जहाँ पर मुख्य प्लग या किसी उपकरण कपलर का उपयोग डिस्कनेक्ट डिवाइस के रूप में किया जाता है, वह डिस्कनेक्ट डिवाइस सरलता से काम करने योग्य रहेगी.
- बिजली चमकने वाले तूफ़ान आने से पहले उत्पाद को पावर आउटलेट से डिस्कनेक्ट कर दें.
- पावर की तार को डिस्कनेक्ट करते समय, हमेशा प्लग को खींचें, केबल को कभी नहीं.

शॉर्ट सर्किट या आग का खतरा!

- उत्पाद को पावर आउटलेट से कनेक्ट करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि पावर वोल्टेज उत्पाद के पीछे या नीचे मुद्रित मान से मेल खाती हो. यदि वोल्टेज भिन्न है, तो उत्पाद को पावर आउटलेट से कभी भी कनेक्ट न करें.

होम थिएटर के क्षति होने या इसके नुकसान का खतरा!

- दीवार पर लगाए जाने वाले उत्पादों के लिए, सप्लाई किए गए दीवार पर लगाए जाने वाले ब्रेकेट का ही उपयोग करें. वॉल माउन्ट को ऐसी दीवार पर सुरक्षित करें जो उत्पाद और वॉल माउन्ट दोने के भार को सह सके. Koninklijke Philips Electronics N.V. पर अनुपयुक्त वॉल माउन्टिंग के लिए, जिसका परिणाम दुर्धटना, क्षति या नुकसान में होता है कोई ज़िम्मेदारी नहीं है.
- स्टैंड वाले स्पीकरों के लिए, केवल सप्लाई किए गए स्टैंड्स का उपयोग करें. स्टैंड्स को स्पीकरों के साथ मजबूती से सुरक्षित करें. असेंबल किए गए स्टैंड्स को समतल, सतहों पर रखें जो स्पीकर और स्टैंड दोनों के संयुक्त भार को सहारा दे सके.
- किसी भी सामान या वस्तु को पावर की तार या अन्य विघुत उपकरण पर न रखें.
- यदि उत्पाद को 5°से. से कम के तापमान में ले जाया जाता है, तो उत्पाद को अनपैक करें और तब तक प्रतीक्षा करें जब तक इसका तापमान पावर आउटलेट से कनेक्ट करने से पहले कमरे के तापमान से मेल नहीं खाए.
- जब खुला हो तो दृश्य और अदृश्य लेज़र किरणें. प्रकाश में लाने से बचें.
- डिस्क कम्पार्टमेंट के भीतर डिस्क ऑप्टिकल लेन्स को न छुएँ.

ज़्यादा गर्म होने का खतरा!

- इस उत्पाद को प्रतिबंधित स्थान पर कभी भी स्थापित न करें. उत्पाद के आस-पास हवा आने-जाने के लिए कम से कम चार इंच तक का स्थान हमेशा छोड़ें. सुनिश्चित करें कि पर्दे या अन्य वस्तुएं उत्पाद पर मौजूद हवा आने-जाने के स्थान को कभी भी न ढकें.

संदूषण का खतरा!

- बैटरियाँ (पुरानी और नई या कार्बन और अल्कलाइन, आदि) आपस में न मिलाएँ.
- यदि बैटरियाँ खाली हो गई हैं या रिमोट कंट्रोल का लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है, तो बैटरियाँ निकालें.
- बैटरी में रासायनिक पदार्थ होते हैं, उनका उचित तरीके से निबटान किया जाना चाहिए.

## उत्पाद की देखभाल

- डिस्क कंपार्टमेंट में डिस्क्स के अलावा अन्य कोई भी ऑब्जेक्ट्स न डालें.
- डिस्क कंपार्टमेंट में क्षतिग्रस्त या दरार वाली डिस्क्स न डालें.
- अगर आप एक विस्तृत समयावधि के लिए उत्पाद का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो डिस्क कंपार्टमेंट से डिस्क्स निकालें.
- उत्पाद की सफ़ाई के लिए केवल माइक्रोफ़ाइबर कपड़े का उपयोग करें.

## आपके पुराने उत्पाद और बैटरीज़ का निपटान

आपका उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और घटकों के साथ डिज़ाइन और निर्मित किया गया है, जिसे रीसायकल और पुन: उपयोग किया जा सकता है.

जब यह क्रॉस्ड-आउट व्हील बिन चिन्ह किसी उत्पाद से जुड़ा होता है, तो इसका अर्थ होता है कि उत्पाद European Directive 2002/96/EC के अंतर्गत आता है. कृपया अपने लिए विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की अलग से स्थानीय संग्रह प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें.

कृपया अपने स्थानीय नियमों के अनुसार कार्य करें और अपने सामान्य घरेलू कचरे के साथ अपने पुराने उत्पादों का निपटान न करें.

आपके पुराने उत्पाद का सही निपटान वातावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित नकारात्मक परिणामों को रोकने में मदद करता है.

आपके उत्पाद में European Directive 2006/66/EC के अंतर्गत आने वाली बैटरीज़ हैं, जिसका निपटान सामान्य घरेलू कचरे के साथ नहीं किया जा सकता.

कृपया बैटरीज़ के पृथक संग्रह पर स्थानीय नियमों के बारे में स्वयं को सूचित करें क्योंकि सही निपटान वातावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित नकारात्मक परिणामों को रोकने में मदद करता है.

## 3D स्वास्थ्य चेतावनी

यदि आपके परिवार में मिरगी या प्रकाश संवेदनशीलता से ग्रस्त होने का इतिहास रहा है, तो चमकीले प्रकाश स्रोतों, तीव्र छवि अनुक्रमों के संपर्क में आने या 3D में देखने से पहले चिकित्सक से संपर्क करें.


चक्कर, सरदर्द या गैर अभिमुखता जैसी असुविधा से बचने के लिए, हम विस्तारित समय अवधियों तक 3D नहीं देखने की अनुशंसा करते हैं. यदि आप किसी असुविधा का अनुभव करते हैं, तो 3D देखना बंद कर दें और तुरंत संभावित जोखिमपूर्ण गतिविधि (उदाहरण के लिए कार ड्राइव करना) में अपने लक्षणों के समाप्त होने तक व्यस्त न रहें. यदि लक्षण बने रहते हैं, तो पहले किसी चिकित्सक से संपर्क किए बिना 3D देखना प्रारंभ नहीं करें.

माता-पिता को 3D देखने के दौरान अपने बच्चों की निगरानी करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपरोक्त वर्णित के अनुसार असुविधा का अनुभव नहीं करते हैं. छह साल से कम उम्र के बच्चों को 3D देखना अनुशंसित नहीं है क्योंकि उनकी दृश्य प्रणाली अभी तक पूर्ण रूप से विकसित नहीं होती है.

# 3 आपका होम थिएटर

अपकी ख़रीद पर बधाई और Philips में स्वागत है! Philips द्वारा प्रस्तावित समर्थन से पूर्ण लाभ लेने के लिए, अपने होम थिएटर को www.philips.com/welcome पर पंजीकृत करें.

## मुख्य इकाई





1. ◿ +/- (वॉल्यूम)
   वॉल्यूम बढ़ाता या घटाता है.
2. SOURCE
   चलाने के लिए एक मीडिया या एक ऑडियो इनपुट स्रोत का चयन करता है.
3. ⏻ (स्टैंडबाय-चालू)
   होम थिएटर पर स्विच करता है या स्टैंडबाय मोड पर स्विच करता है.
4. प्लेबैक बटन
   प्लेबैक नियंत्रित करें.
5. ⏏ (बाहर निकालें)
   डिस्क कक्ष से डिस्क बाहर निकालें.
6. प्रदर्शन पैनल
7. डिस्क कंपार्टमेंट

# रिमोट कंट्रोल

नोट

- आपके होम थियेटर को निम्न में से एक रिमोट कंट्रोल के साथ आपूर्ति किया जाता है.

रिमोट कंट्रोल - A




① ⏻ (स्टैंडबाय-चालू)
- होम थिएटर को चालू या स्टैंडबाय पर स्विच करता है.
- EasyLink सक्षम होने पर, सभी कनेक्ट किए गए HDMI CEC संगत डिवाइसेज़ को स्टैंडबाय पर स्विच करने के लिए कम से कम तीन सेकंड्स के लिए दबाए रखें.

② ⌂ (होम)
होम मेनू तक पहुँचता है.

③ SOUND SETTINGS
विभिन्न ध्वनि विकल्पों तक पहुँचता है या बाहर जाता है.

④ नेविगेशन बटन
- मेनूज़ नेविगेट करता है.
- स्वतः खोज को प्रारंभ करने के लिए रेडियो मोड में बाएँ या दाएँ दबाएँ.

⑤ OK
- किसी प्रविष्टि या चयन की पुष्टि करता है.

⑥ ☰OPTIONS
- प्लेबैक के दौरान अधिक चलाएँ विकल्पों को एक्सेस करता है.
- रेडियो मोड में, रेडियो स्टेशन प्रोग्राम करता है.

⑦ +/- (वॉल्यूम)
वॉल्यूम बढ़ाता या घटाता है.

⑧ ▶ (चलाएँ)
चलाना प्रारंभ या जारी करता है.

⑨ ❚❚ (ठहरें)
चलाना रोकता है.

⑩ ◀◀ / ▶▶ (फ़ॉस्ट बैकवर्ड/फ़ॉस्ट फ़ॉर्वर्ड)
फ़ास्ट-बैकवर्ड या फ़ास्ट फॉर्वर्ड करता है. खोज की गति बदलने के लिए बार-बार दबाएँ.

⑪ अक्षरांकीय बटन
मान या अक्षर (SMS शैली प्रविष्टि का उपयोग करके) दर्ज करता है.

⑫ SUBTITLE
वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करता है.

⑬ TOP MENU
वीडियो डिस्क के मुख्य मेनू तक पहुँचता है.

⑭ ⏮ / ⏭ (पिछला/अगला)
- पिछले या अगले ट्रैक, अध्याय या फ़ाइल पर जाता है.
- रेडियो मोड में, प्रीसेट रेडियो स्टेशन का चयन करता है.

⑮ ■ (रोकें) / ▲ (बाहर निकालें / खोलें/बंद करें)
- चलाना रोकता है.
- डिस्क निकालने या डिस्क कम्पार्टमेंट खोलने के लिए दबाए रखें.
- रेडियो मोड में, वर्तमान प्रीसेट रेडियो स्टेशन को मिटाता है.

⑯ 🔇 (म्यूट)
वॉल्यूम म्यूट या पुनर्स्थापित करता है.


⑰ ⮌ BACK
पिछले मेनू स्क्रीन पर वापस जाता है.

⑱ POP-UP MENU/DISC MENU
डिस्क मेनू तक पहुँचता या बाहर जाता है.

⑲ स्रोत बटन

- रंग बटन (ब्लू-रे डिस्क्स के लिए): कार्य या विकल्प का चयन करता है.
- DISC: डिस्क स्रोत पर स्विच करता है.
- RADIO: FM रेडियो पर स्विच करता है.
- DOCK for iPod: iPod/iPhone के लिए Philips Dock पर स्विच करता है.
- ♪SOURCE: किसी ऑडियो इनपुट स्रोत का चयन करता है.

रिमोट कंट्रोल - B




① ⏻ (स्टैंडबाय-चालू)

- होम थिएटर को चालू या स्टैंडबाय पर स्विच करता है.
- EasyLink सक्षम होने पर, सभी कनेक्ट किए गए HDMI CEC संगत डिवाइसेज़ को स्टैंडबाय पर स्विच करने के लिए कम से कम तीन सेकंड्स के लिए दबाए रखें.

② 🏠 (होम)
होम मेनू तक पहुँचता है.

③ 📖 (डिस्क मेनू)
डिस्क मेनू तक पहुँचता या बाहर जाता है.

4 नेविगेशन बटन
- मेनूज़ नेविगेट करता है.
- स्वतः खोज को प्रारंभ करने के लिए रेडियो मोड में बाएँ या दाएँ दबाएँ.

5 ⏮ / ⏭ (पिछला/अगला)
- पिछले या अगले ट्रैक, अध्याय या फ़ाइल पर जाता है.
- रेडियो मोड में, प्रीसेट रेडियो स्टेशन का चयन करता है.

6 OK
किसी प्रविष्टि या चयन की पुष्टि करता है.

7 ▯▮▯ (ध्वनि विकल्प)
विभिन्न ध्वनि विकल्पों तक पहुँचता है या बाहर जाता है.

8 ☐ (विकल्प)
- प्लेबैक के दौरान अधिक चलाएँ विकल्पों को एक्सेस करता है.
- रेडियो मोड में, रेडियो स्टेशन प्रोग्राम करता है.

9 ▶(चलाएँ)
चलाना प्रारंभ या जारी करता है.

10 +/- (वॉल्यूम)
वॉल्यूम बढ़ाता या घटाता है.

11 ❚❚ (ठहरें)
चलाना रोकता है.

12 स्रोत बटन / रंग बटन
- ब्लू-रे डिस्क: कार्य या विकल्प का चयन करता है.
- AUDIO SOURCE: किसी ऑडियो इनपुट स्रोत का चयन करता है.
- DOCK for iPod: iPod/iPhone के लिए Philips Dock पर स्विच करता है.
- RADIO: FM रेडियो पर स्विच करता है.
- DISC: डिस्क स्रोत पर स्विच करता है.

13 अक्षरांकीय बटन
मान या अक्षर (SMS शैली प्रविष्टि का उपयोग करके) दर्ज करता है.

14 TOP MENU
वीडियो डिस्क के मुख्य मेनू तक पहुँचता है.

15 SUBTITLE
वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करता है.

16 ■ (रोकें)
- चलाना रोकता है.
- डिस्क निकालने या डिस्क कम्पार्टमेंट खोलने के लिए दबाए रखें.
- रेडियो मोड में, वर्तमान प्रीसेट रेडियो स्टेशन को मिटाता है.

17 ◀◀ / ▶▶ (फ़ॉस्ट बैकवर्ड/फ़ॉस्ट फ़ॉर्वर्ड)
फ़ास्ट-बैकवर्ड या फ़ास्ट फॉर्वर्ड करता है. खोज की गति बदलने के लिए बार-बार दबाएँ.

18 ⮌ (पीछे)
पिछले मेनू स्क्रीन पर वापस जाता है.

# 4 अपना होम थिएटर कनेक्ट करें

यह अनुभाग आपके होम थिएटर को एक TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करने में आपकी मदद करता है. उसके एक्सेसरीज़ के साथ होम थिएटर के मूल कनेक्शंस त्वरित प्रारंभ में प्रदान किए गए हैं. एक व्यापक पारस्परिक मार्गदर्शिका के लिए, www.connectivityguide.philips.com देखें.


नोट

- पहचान और रेटिंग्स की आपूर्ति के लिए उत्पाद के पीछे या नीचे प्रकार प्लेट का संदर्भ लें.
- आपके द्वारा कोई भी कनेक्शंस बनाने या परिवर्तित करने से पहले, सुनिश्चित करें कि सभी डिवाइसेज़ विद्युत आउटलेट से डिस्कनेक्ट किए गए हैं.

## कनेक्टर्स

अपने होम थिएटर से अन्य डिवाइसेज़ को कनेक्ट करें.


### पार्श्व कनेक्टर्स




1 MP3 LINK
MP3 प्लेयर से ऑडियो इनपुट.

2 ⭠ (USB)
USB संग्रहण डिवाइस से ऑडियो, वीडियो या चित्र इनपुट.

## पीछे के कनेक्टर्स




① LAN
एक ब्रॉडबैंड मॉडम या राउटर पर LAN इनपुट से कनेक्ट करता है.

② AC MAINS~
विद्युत आपूर्ति से कनेक्ट करता है.

③ HDMI OUT (ARC)
TV पर HDMI इनपुट से कनेक्ट करता है.

④ VIDEO OUT
TV पर मिश्रित वीडियो इनपुट से कनेक्ट करता है.

⑤ COMPONENT VIDEO OUT
TV पर घटक वीडियो इनपुट से कनेक्ट करता है.

⑥ वाई-फ़ाई®
Wi-Fi USB अडॉप्टर से कनेक्ट होता है.(मॉडल: Philips WUB1110, अलग से बेचा गया.)

⑦ SUBWOOFER
आपूर्ति किए गए सबवूफ़र से कनेक्ट करता है.

⑧ AUDIO IN-AUX
TV या एक एनालॉग डिवाइस पर एनालॉग ऑडियो आउटपुट से कनेक्ट करता है.

⑨ DOCK for iPod
iPod/iPhone के लिए Philips Dock से कनेक्ट करता है.(मॉडल: Philips DCK3060, अलग से बेचा गया.)

⑩ DIGITAL IN-OPTICAL
TV या किसी डिजिटल डिवाइस पर ऑप्टिकल ऑडियो आउटपुट से कनेक्ट करता है.

⑪ ANTENNA FM (75 Ω)
किसी एंटेना, केबल या उपग्रह द्वारा सिग्नल इनपुट.

⑫ DIGITAL IN-COAXIAL
TV या एक डिजिटल डिवाइस पर कोएक्ज़िअल ऑडियो आउटपुट से कनेक्ट करता है.

# TV से कनेक्ट करें


अपने होम थिएटर को निम्न कनेक्टर्स में से किसी एक के द्वारा एक TV से सीधे कनेक्ट करें (उच्चतम से मूल गुणवत्ता वीडियो तक):

① HDMI
② घटक वीडियो
③ मिश्रित वीडियो

## विकल्प 1: HDMI के द्वारा TV से कनेक्ट करें

नोट

- TV पर HDMI कनेक्टर HDMI IN या HDMI ARC लेबल किया गया हो सकता है.
- यदि TV, HDMI Audio Return Channel (ARC) का समर्थन करता है, तो आप होम थियेटर पर डिजिटल ऑडियो आउटपुट के लिए इसे उपयोग कर सकते हैं.
- अगर HDTV में एक DVI कनेक्टर है, तो किसी HDMI/DVI एडाप्टर का उपयोग करते कनेक्ट करें.
- अगर TV, EasyLink HDMI CEC का समर्थन करता है, तो एक रिमोट कंट्रोल के साथ (देखें 'Philips EasyLink का उपयोग करें.' पृष्ठ पर 19) होम थिएटर और TV को नियंत्रित करें.




## विकल्प 2: YPbPr (घटक वीडियो) के द्वारा TV से कनेक्ट करें

नोट

- घटक वीडियो केबल या कनेक्टर Y Cb Cr या YUV लेबल किए गए हो सकते हैं.

(केबल की आपूर्ति नहीं की गई है)





## विकल्प 3: मिश्रित वीडियो (CVBS) द्वारा TV से कनेक्ट करें

नोट

- मिश्रित वीडियो केबल या कनेक्टर AV IN, VIDEO IN, COMPOSITE या BASEBAND लेबल किए गए हो सकते हैं.

(केबल की आपूर्ति नहीं की गई है)




# ऑडियो को TV या अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें


TV या केबल बॉक्स जैसे अन्य डिवाइसेज़ से ऑडियो चलाने के लिए अपने होम थिएटर का उपयोग करें.


युक्ति

- अपने कनेक्शन के ऑडियो आउटपुट का चयन करने के लिए ♪ SOURCE / AUDIO SOURCE बार-बार दबाएँ.

## विकल्प 1: एनालॉग ऑडियो केबल्स के द्वारा ऑडियो कनेक्ट करें

(केबल की आपूर्ति नहीं की गई है)







### विकल्प 2: कोएक्सिअल केबल के द्वारा ऑडियो कनेक्ट करें

नोट

- डिजिटल कोएक्सिअल केबल या कनेक्टर COAXIAL/ DIGITAL OUT या SPDIF OUT लेबल किए गए हो सकते हैं.

(केबल की आपूर्ति नहीं की गई है)





### विकल्प 3: एक डिजिटल ऑप्टिकल केबल के द्वारा ऑडियो कनेक्ट करें

नोट

- डिजिटल ऑप्टिकल केबल या कनेक्टर को SPDIF OUT या OPTICAL OUT के रूप में लेबल किया जा सकता है.

(केबल की आपूर्ति नहीं की गई है)




## किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें


होम थिएटर को एक कंप्यूटर नेटवर्क से कनेक्ट करें और आनंद लें:

- आपके कंप्यूटर से स्ट्रीम की गई मल्टीमीडिया सामग्री : अपने कंप्यूटर (देखें 'PC (DLNA) से चलाएँ' पृष्ठ पर 17) से स्ट्रीम किए गए फ़ोटो देखें, संगीत चलाएं और वीडियो फ़ाइल्स देखें.
- नेट TV : नेट TV सेवाएँ ब्राउज़ करें (देखें 'नेट TV ब्राउज़ करें' पृष्ठ पर 18).
- सॉफ़्टवेयर उद्यतन :नेटवर्क (देखें 'नेटवर्क से सॉफ़्टवेयर अद्यतन करें' पृष्ठ पर 23) के माध्यम से होम थियेटर के सॉफ़्टवेयर को उद्यतन करें.

आपकी किसकी आवश्यकता है:

- एक नेटवर्क राउटर (DHCP सक्षम).
- एक नेटवर्क केबल (RJ45 सीधी केबल).
- मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर स्थापन (देखें 'मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर सेट अप करें' पृष्ठ पर 17) सहित एक कंप्यूटर.
- नेट TV सेवा और सॉफ़्टवेयर अद्यतन के लिए, सुनिश्चित करें कि नेटवर्क रूटर के पास इंटरनेट तक पहुँच है और यह फ़ायरवॉल्स या अन्य सुरक्षा सिस्टम द्वारा प्रतिबंधित नहीं है.

(नेट टीवी सुविधा चीन और लैटिन अमेरिका में उपलब्ध नहीं है)
(केबल की आपूर्ति नहीं की गई है)



## नेटवर्क सेट अप करें

1 किसी वायर्ड या वायरलेस नेटवर्क कनेक्शन (देखें 'Wi-Fi USB एडॉप्टर कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 12) के माध्यम से होम थिएटर को नेटवर्क राउटर से कनेक्ट करें.

2 अपना टीवी चालू करें और होम थिएटर के लिए सही स्रोत पर स्विच करें.

3 ⌂ (होम) दबाएँ.

4 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

5 [नेटवर्क] > [नेटवर्क की स्थापना करता है] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

- वायर्ड नेटवर्क के लिए, [वायर्ड (ईथरनेट)] का चयन करें और OK दबाएं.
- वायर्ड नेटवर्क के लिए, [वायरलेस (Wi-Fi)] का चयन करें और OK दबाएं.

6 सेटअप पूरा करने के लिए टीवी पर निर्देशों का अनुसरण करें.

↳ होम थिएटर इंटरनेट से कनेक्ट होता है. यदि कनेक्शन विफल हो जाए, [पुनर्प्रयास करें] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.


7 [समाप्त] का चयन करें, फिर बाहर निकलने के लिए OK दबाएँ.

**! सावधानी**

- होम थिएटर को एक कंप्यूटर नेटवर्क से कनेक्ट करने का प्रयास करने से पहले स्वयं को नेटवर्क राउटर, मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर और नेटवर्किंग सिद्धांत से परिचित करें. यदि आवश्यक हो, तो नेटवर्क घटकों के साथ वाला दस्तावेज़ीकरण पढ़ें. Philips खोए, क्षतिग्रस्त या दूषित डेटा के लिए ज़िम्मेदार नहीं है.

## Wi-Fi USB एडॉप्टर कनेक्ट करें

Wi-Fi USB एडॉप्टर (मॉडल: PHILIPS WUB1110) खरीदें और वायरलेस नेटवर्क (देखें 'नेटवर्क सेट अप करें' पृष्ठ पर 12) सेट अप करें.




# 5 अपने होम थिएटर का उपयोग करें

यह अनुभाग स्रोतों की एक विस्तृत श्रेणी से मीडिया चलाने के लिए होम थिएटर का उपयोग करने में आपकी मदद करता है.

## आपके द्वारा प्रारंभ करने से पहले

इसकी जाँच करें कि आप:

- त्वरित प्रारंभ और उपयोगकर्ता मैन्युअल में वर्णित आवश्यक कनेक्शंस बनाएँ.
- पहली बार के सेटअप को पूर्ण करें. पहली बार का सेटअप तब दिखाई देता है जब आप पहली बार होम थियेटर को चालू करते हैं. यदि आप सेट अप को पूर्ण नहीं करते हैं, तो आपको होम थियेटर चालू करने के बाद प्रत्येक बार पूर्ण करने के लिए संकेत दिया जाता है.
- TV को होम थिएटर के लिए सही स्रोत पर स्विच करें.

## होम मेनू तक पहुँच प्राप्त करें

होम मेनू आपको कनेक्ट किए गए डिवाइसेज़, ऑडियो और वीडियो सेटिंग्स और अन्य विशेषताओं तक आसान पहुँच देता है.

1 ⌂ (होम) दबाएँ.

↳ होम मेनू प्रदर्शित होता है.

2 निम्न का चयन करने के लिए नेविगेशन बटन और OK को दबाएँ:

- [डिस्क प्ले करें] : डिस्क प्ले प्रारंभ करता है.
- [USB ब्राउज़ करें] : कनेक्ट किए गए USB संग्रहण डिवाइस के सामग्री ब्राउज़र तक पहुँचता है.
- [iPod ब्राउज़ करें.] : कनेक्ट किए गए iPod या iPhone के सामग्री ब्राउज़र को एक्सेस करता है.
- [PC ब्राउज़ करें] : कनेक्ट किए गए PC नेटवर्क के सामग्री ब्राउज़र तक पहुँचता है.
- [NetTV ब्राउज़ करें] : नेट TV तक पहुँचता है.
- [सेटअप] : चित्र, ध्वनि और अन्य सेटिंग्स परिवर्तित करने के लिए मेनूज़ तक पहुँचता है.

(नेट टीवी सुविधा चीन और लैटिन अमेरिका में उपलब्ध नहीं है)

## अपनी ध्वनि चुनें

यह अनुभाग आपके वीडियो या संगीत के लिए आदर्श ध्वनि चुनने में मदद करता है.

1 SOUND SETTINGS / (ध्वनि विकल्प) दबाएँ.
2 ध्वनि विकल्पों को एक्सेस करने के लिए नेविगेशन बटन (बाएँ/दाएँ) दबाएँ.

| ध्वनि अनुभव | वर्णन |
|---|---|
| AUTO VOLUME | स्पीकर आउटपुट पर स्थिर आउटपुट सिग्नल सेट करता है. यह विकल्प TV ऑडियो इनपुट के लिए सर्वश्रेष्ठ है, जहाँ वाणिज्यिक सिग्नल स्तर आम तौर पर सामग्री से उच्च होता है. |
| SOUND | ध्वनि मोड का चयन करता है. |
| SURROUND | एक सराउंड ध्वनि या स्टीरियो ध्वनि का चयन करता है. |
| TREBLE | उच्च आवृत्ति आउटपुट समायोजित करता है. |
| MID | मध्यम आवृत्ति आउटपुट समायोजित करता है. |
| BASS | निम्न आवृत्ति आउटपुट समायोजित करता है. |
| AUDIO SYNC | वीडियो से मेल खाने के लिए ऑडियो को विलंब करता है. |

3 एक विकल्प का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
4 बाहर निकलने के लिए BACK दबाएँ.
यदि आप पाँच सेकेंड के अंदर बटन नहीं दबाते हैं, तो यह स्वतः हीं मेनू से बाहर निकल जाता है.

### स्वतः वॉल्यूम परिवर्तित करें

वॉल्यूम के स्तर का चयन करें जो आपके TV या अन्य डिवाइसेज़ से होम थिएटर का आउटपुट है.

1 SOUND SETTINGS / (ध्वनि विकल्प) दबाएँ.
2 AUTO VOLUMEका चयन करें, फिरOK दबाएँ.
3 ON या OFF चयन करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ.
4 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

### ध्वनि मोड परिवर्तित करें

अपने वीडियो या संगीत के लिए उपयुक्त पूर्वनिर्धारित ध्वनि मोड्स का चयन करें.

1 SOUND SETTINGS / (ध्वनि विकल्प) दबाएँ.
2 SOUNDका चयन करें, फिरOK दबाएँ.
3 निम्न सेटिंग्स का चयन करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ:
   - ACTION/ROCK : संवर्धित निम्न और उच्च-श्रेणी. ऐक्शन मूवीज़ और रॉक या पॉप संगीत के लिए आदर्श.
   - DRAMA/JAZZ : स्पष्ट मध्य और उच्च-श्रेणी. नाटकीय मूवीज़ और जॉज़ संगीत के लिए आदर्श.
   - GAMING/PARTY : मॉडरेट निम्न-श्रेणी और मज़बूत मध्य-श्रेणी. वीडियो गेम्स और पार्टी के लिए आदर्श.
   - CONCERT/CLASSIC : न्यूट्रल ध्वनि. लाइव कंसर्ट्स और शास्त्रीय संगीत के लिए आदर्श.
   - SPORTS : स्पष्ट स्वर और लाइव स्पोर्ट स्थल के वातावरण के लिए संतुलित मध्य-श्रेणी और सराउंड प्रभाव.
   - NEWS : स्पष्ट स्वर और वाक् के लिए एन्हांस की गई मध्य-श्रेणी.
4 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

### सराउंड ध्वनि मोड परिवर्तित करें

सराउंड ध्वनि मोड्स के साथ इमर्सिव ऑडियो अनुभव का अनुभव करें.

1 SOUND SETTINGS / (ध्वनि विकल्प) दबाएँ.
2 SURROUNDका चयन करें, फिरOK दबाएँ.
3 निम्न सेटिंग्स का चयन करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ:
   - AUTO : ऑडियो स्ट्रीम पर आधारित सराउंड साउंड.
   - STEREO : दो-चैनल स्टीरियो ध्वनि. संगीत सुनने के लिए आदर्श.
   - AMBISOUND : स्टीरियों साउंड आउटपुट या एकाधिक-चैनल सराउंड साउंड आउटपुट.
4 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

## ट्रिबल, मध्य और बास परिवर्तित करें

आपके वीडियो या संगीत के अनुकूल होम थिएटर की उच्च आवृत्ति (ट्रिबल), मध्य आवृत्ति (मध्य) और निम्न आवृत्ति (बास) सेटिंग्स परिवर्तित करें.

1 SOUND SETTINGS / (ध्वनि विकल्प) दबाएँ.
2 TREBLE, MID या BASS का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
3 आवृत्ति स्तर समायोजित करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ.
4 पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ.

## ऑडियो को वीडियो के साथ सिंक्रनाइज़ करें

अगर ऑडियो और वीडियो सिंक्रनाइज़ नहीं किए गए हैं, तो आप वीडियो से मिलाने के लिए ऑडियो में विलंब कर सकते हैं.

1 SOUND SETTINGS / (ध्वनि विकल्प) दबाएँ.
2 AUDIO SYNCका चयन करें, फिरOK दबाएँ.
3 वीडियो के साथ ऑडियो सिंक करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ.
4 पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ.

# एक डिस्क चलाएँ

होम थिएटर वीडियो, ऑडियो और मिश्रित मीडिया सहित डिस्क्स के विस्तृत प्रकार चला सकता है (उदाहरण के लिए, एक CD-R जिसमें JPEG चित्र और MP3 संगीत होता है).

1 होम थिएटर में एक डिस्क सम्मिलित करें.
2 DISC दबाएँ.
   ↳ डिस्क चलाता है या डिस्क मुख्य मेनू प्रकट होता है.
3 चलाना नियंत्रित करने के लिए निम्न बटंस दबाएँ:

| बटन | क्रिया |
|---|---|
| नेविगेशन बटन | मेनूज़ नेविगेट करें. |
| OK | किसी प्रविष्टि या चयन की पुष्टि करता है. |
| ▶(चलाएँ) | चलाना प्रारंभ या जारी करता है. |
| ❚❚ | चलाना रोकता है. |
| ■ | चलाना रोकता है. |
| ❙◀ / ▶❙ | पिछले या अगले ट्रैक, अध्याय या फ़ाइल पर जाता है. |
| ◀◀ / ▶▶ | फ़ास्ट-बैकवर्ड या फ़ास्ट फॉर्वर्ड करता है. खोज की गति बदलने के लिए बार-बार दबाएँ. |
| नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) | चित्र को घड़ी की विपरित दिशा या घड़ी की दिशा में घुमाता है. |
| SUBTITLE | वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करता है. |
| POP-UP MENU/DISC MENU / (डिस्क मेनू) | डिस्क मेनू तक पहुँचता या बाहर जाता है. |
| ☰OPTIONS / (विकल्प) | प्लेबैक के दौरान अधिक चलाएँ विकल्पों को एक्सेस करता है. |

वीडियो स्वरूप, जैसे DivX और WMV के लिए:

- चलाएँ बंद करने के लिए, ■ दबाएँ.
- जहाँ आपने रोका था, वहाँ से वीडियो पुनरारंभ करने के लिए ▶ (चलाएँ) दबाएँ.
- आरंभ से वीडियो चलाने के लिए, OK दबाएँ.

नोट

- DivX DRM चलाने के लिए - किसी डिस्क या USB संग्रह डिवाइस से सुरक्षित फ़ाइलें एक HDMI केबल के माध्यम से आपके होम थिएटर को कनेक्ट करती हैं.

## ब्लू-रे पर बोनस दृश्य का उपयोग करें

ब्लू-रे डिस्क्स जो बोनस दृश्य विशेषता का समर्थन करते हैं (चित्र-में-चित्र के रूप में भी ज्ञात) आपको मुख्य विशेषता देखते हुए एक निदेशक की कमेंटरी जैसी विशेष सामग्री देखने की अनुमति देता है.

1 यदि आवश्यक हो, तो ब्लू-रे डिस्क मेनू में BonusView (या चित्र-में-चित्र) को सक्षम करें.

2 मुख्य सुविधा के प्लेबैक के दौरान, ☰OPTIONS / ⊟ (विकल्प) दबाएँ.
   ↳ विकल्प मेनू प्रदर्शित होता है.

3 [PIP चयन] > [PIP] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
   ↳ PIP विकल्प [1]/[2] वीडियो सामग्री पर निर्भर करते हैं.
   ↳ चित्र-में-चित्र वीडियो छोटी विंडो में दिखाई देता है.

4 [दूसरी ऑडियो भाषा] या [दूसरी उपशीर्षक भाषा] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

5 चलाने के लिए भाषा का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

नोट

- बोनस दृश्य (चित्र-में-चित्र) को बंद करने के लिए, ☰ OPTIONS / ⊟ (विकल्प) दबाएँ, [PIP चयन] > [बंद] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

## ब्लू-रे पर BD-लाइव तक पहुँच प्राप्त करें

BD-लाइव सक्षम ब्लू-रे डिस्क्स में मूवीज़ और अन्य ऑनलाइन बोनस जैसी अनन्य सेवाएँ शामिल हैं.

1 इंटरनेट कनेक्शन और नेटवर्क सेट अप (देखें 'किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 11) करने की तैयार करें.

2 USB संग्रहण डिवाइस को होम थिएटर से कनेक्ट करें.

3 डिस्क मेनू में BD-लाइव चिह्न का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
   ↳ BD-Live लोड करने के लिए प्रारंभ होता है. लोडिंग का समय डिस्क और आपके इंटरनेट कनेक्शन पर निर्भर करता है.

4 BD-लाइव नेविगेट करने के लिए नेविगेशन बटन दबाएँ.

5 एक आइटम का चयन करने के लिए OK दबाएँ.

नोट

- BD-लाइव सेवाओं की श्रेणी डिस्क पर निर्भर करती है.
- जब आप BD-लाइव का उपयोग करते हैं, तो डिस्क और होम थिएटर पर डेटा सामग्री प्रदाता द्वारा पहुँचा जाता है.
- डाउनलोड की गई फ़ाइलों को संग्रहीत करने के लिए कम से कम 1GB खाली जगह वाले USB संग्रहण डिवाइस का उपयोग करें
- यदि BD-लाइव सामग्री डाउनलोड करने के लिए अपर्याप्त स्मृति हो, तो स्थानीय संग्रहण स्थान साफ़ करें (देखें 'उन्नत सेटिंग्स परिवर्तित करें' पृष्ठ पर 22).

## 3D वीडियो चलाएँ

आपका होम थियेटर 3D TVs पर 3D वीडियोज़ चला सकता है. आप प्रारंभ करने के पहले, सुनिश्चित करें कि:

- आपका TV, एक 3D TV है और आपके होम थियेटर से HDMI के माध्यम से जुड़ा है,
- आपका डिस्क ब्लू-रे 3D डिस्क है, और
- आपके पास वह 3D ग्लास हैं जो आपके 3D TV से संगत हैं.

1 अपने होम थियेटर में ब्लू-रे 3D डिस्क सम्मिलित करें.
   ↳ आपका TV सही HDMI स्रोत पर स्विच करता है और डिस्क स्वचालित रूप से चलता है.

2 यदि डिस्क स्वचालित रूप से नहीं चलता है, तो DISC दबाएँ या होम मेनू में [डिस्क प्ले करें] का चयन करें और तब OK दबाएँ.

3 चलाएँ नियंत्रित करने के लिए चलाएँ बटंस को दबाएँ.
   जब आप फॉर्वर्ड या बैकवर्ड और कुछ अन्य चलाएँ मोड्स में खोज करते हैं, तो वीडियो 2D में प्रदर्शित होता है. जब आप पुन: सामान्य रूप से चलाते हैं तो यह 3D पर वापस लौटता है.

4 3D प्रभावों का आनंद लेने के लिए 3D ग्लासों को पहनें.

### 2D में 3D डिस्क्स चलाएँ

1 ⌂ (होम) दबाएँ.

2 [सेटअप] > [वीडियो] > [ब्लू-रे 3D वीडियो] > [बंद]का चयन करें.

3 OK दबाएँ.

4 अपनी ब्लू-रे 3D डिस्क चलाएँ.
   ↳ 3D वीडियो 2D में प्रदर्शित है.

# किसी USB संग्रहण डिवाइस से चलाएँ

होम थिएटर को USB कनेक्टर के साथ फ़िट किया जाता है जो आपको एक USB संग्रहण डिवाइस पर चित्र देखने, संगीत सुनने या मूवीज़ देखने की अनुमति देता है.

1. USB संग्रहण डिवाइस को होम थिएटर से कनेक्ट करें.
2. ⌂ (होम) दबाएँ.
   ↳ होम मेनू प्रकट होता है.
3. [USB ब्राउज़ करें] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
   ↳ सामग्री ब्राउज़र प्रकट होता है.
4. फ़ाइल का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
5. चलाना (देखें 'एक डिस्क चलाएँ' पृष्ठ पर 14) नियंत्रित करने के लिए प्लेबैक बटंस दबाएँ.

**नोट**

- अगर USB संग्रहण डिवाइस कनेक्टर में फ़िट नहीं होता है, तो एक USB एक्सटेंशन केबल का उपयोग करें.
- होम थिएटर ऐसे डिजिटल कैमराज़ का समर्थन नहीं करता है जिसे फ़ोटोज़ प्रदर्शित करने के लिए एक कंप्यूटर प्रोग्राम की आवश्यकता होती है.
- USB संग्रहण डिवाइस NTFS, FAT या DOS-स्वरूपित और मास संग्रहण श्रेणी संगत होना आवश्यक है.

# डिस्क या USB के लिए अधिक चलाएँ सुविधाएँ

कई उन्नत सुविधाएँ एक डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस से वीडियो या चित्र प्लेबैक करने के लिए के लिए उपलब्ध हैं.

## वीडियो विकल्पों का उपयोग करें

वीडियो देखते समय कई उपयोगी विशेषताओं तक पहुँच प्राप्त करें.

**नोट**

- उपलब्ध वीडियो विकल्प वीडियो स्रोत पर निर्भर करते हैं.

1. ☰OPTIONS / ⊟ (विकल्प) दबाएँ.
   ↳ वीडियो विकल्प मेनू दिखाई देता है.
2. चयन और समायोजित करने के लिए नेविगेशन बटन और OK दबाएँ:
   - [ऑडियो भाषा] : वीडियो के लिए ऑडियो भाषा का चयन करता है.
   - [उपशीर्षक भाषा] : वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करता है.
   - [उपशीर्षक खिसकाएँ] : स्क्रीन पर उपशीर्षक स्थिति समायोजित करता है.
   - [जानकारी] : क्या चल रहा है, इसके बारे में जानकारी प्रदर्शित करता है.
   - [वर्ण सेट] : DivX उपशीर्षक का समर्थन करने वाले एक वर्ण सेट का चयन करता है.
   - [समय खोज] : दृश्य का समय दर्ज करके वीडियो किसी विशिष्ट भाग को छोड़ देता है.
   - [दूसरी ऑडियो भाषा] : चलाने के लिए दूसरी ऑडियो भाषा का चयन करता है.
   - [दूसरी उपशीर्षक भाषा] : चलाने के लिए दूसरी उपशीर्षक भाषा का चयन करता है.
   - [शीर्षक] : एक विशिष्ट शीर्षक का चयन करता है.
   - [अध्याय] : एक विशिष्ट अध्याय का चयन करता है.
   - [कोण सूची] : एक भिन्न कैमरा कोण का चयन करता है.
   - [मेनूज़] : डिस्क मेनू प्रदर्शित करता है.
   - [PIP चयन] : चित्र-में-चित्र विंडो प्रदर्शित करता है.
   - [ज़ूम] : एक वीडियो दृश्य या चित्र में ज़ूम करता है. ज़ूम फ़ैक्टर का चयन करने के लिए नेविगेशन बटन (बाएँ/दाएँ) दबाएँ.
   - [दोहराएँ] : अध्याय या शीर्षक दोहराता है.
   - [A-B दोहराएँ] : चलाना दोहराने के लिए एक अध्याय या ट्रैक में दो बिंदु चिह्नित करता है या दोहराएँ मोड बंद करता है.
   - [चित्र सेटिंग्स] : एक पूर्वनिर्धारित रंग सेटिंग का चयन करता है.

## चित्र विकल्पों का उपयोग करें

चित्र देखते समय कई उपयोगी विशेषताओं तक पहुँच प्राप्त करें.

1. ☰OPTIONS / ⊟ (विकल्प) दबाएँ.
   ↳ चित्र विकल्प मेनू प्रकट होता है.
2. चयन और समायोजित करने के लिए नेविगेशन बटन और OK दबाएँ:
   - [+90 घुमाएँ] : चित्र को घड़ी की दिशा में 90 डिग्री घुमाता है.
   - [-90 घुमाएँ] : चित्र को घड़ी की विपरीत दिशा में 90 डिग्री घुमाता है.
   - [ज़ूम] : एक वीडियो दृश्य या चित्र में ज़ूम करता है. ज़ूम फ़ैक्टर का चयन करने के लिए नेविगेशन बटन (बाएँ/दाएँ) दबाएँ.
   - [जानकारी] : चित्र जानकारी प्रदर्शित करता है.
   - [अवधि प्रति स्लाइड] : एक स्लाइड शो में प्रत्येक चित्र के लिए प्रदर्शन गति सेट करता है.
   - [स्लाइड ऐनिमेशन] : स्लाइड शो के लिए ऐनिमेशन का चयन करता है.

- [चित्र सेटिंग्स] : एक पूर्वनिर्धारित रंग सेटिंग का चयन करता है.
- [दोहराएँ] : चयनित फ़ोल्डर को दोहराता है.

## ऑडियो विकल्पों का उपयोग करें

ऑडियो को चलाते समय कई उपयोगी विशेषताओं तक पहुँच प्राप्त करें.

1 निम्न फंक्शंस को पूर्ण करने के लिए बार-बार ☰ OPTIONS / (विकल्प) दबाएँ:
   - REPEAT TRACK : वर्तमान ट्रैक को दोहराता है.
   - REPEAT DISC : डिस्क या फ़ोल्डर पर सभी ट्रैक्स दोहराता है.
   - REPEAT RANDOM : अनियमित क्रम में ऑडियो ट्रैक्स चलाता है.
   - REPEAT OFF : दोहराएँ मोड बंद करता है.

## एक संगीतमय स्लाइडशो चलाएँ

एक संगीतमय स्लाइडशो बनाने के लिए संगीत और चित्रों को एक साथ चलाएँ.

1 एक संगीत ट्रैक का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
2 ⮌ BACK दबाएँ और चित्र फ़ोल्डर पर जाएँ.
3 चित्र का चयन करें, फिर स्लाइडशो प्रारंभ करने के लिए OK दबाएँ.
4 स्लाइड शो बंद करने के लिए ■ दबाएँ.
5 संगीत बंद करने के लिए दोबारा ■ दबाएँ.

# PC (DLNA) से चलाएँ

जब आप अपने होम थिएटर को, अपने होम नेटवर्क से कनेक्ट करते हैं, तो आप एक कंप्यूटर या नेटवर्क पर अन्य मीडिया सर्वर से संगीत, फ़ोटो और वीडियो चला सकते हैं.
आपकी किसकी आवश्यकता है:

- यूनिवर्सल प्लग और प्ले (UPnP) रूटर के साथ कनेक्टेड एक वायर्ड या वायरलेस होम नेटवर्क.
- Philips वायरलेस USB अडैप्टर या LAN, आपके होम थिएटर को आपके होम नेटवर्क से कनेक्ट करने के योग्य है.
- मीडिया सर्वर, जैसे:
   - Windows Media Player 11 या उच्च संस्करण चलाने वाला PC; या
   - Twonky मीडिया सर्वर चलाने वाला Mac.

अन्य मीडिया सर्वर्स, जैसे TVersity, उपयोग करने में मदद के लिए मीडिया सर्वर की वेबसाइट देखें.

## मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर सेट अप करें

आपके द्वारा प्रारंभ करने से पहलेः

- अपने होम थिएटर को अपने होम नेटवर्क (देखें 'किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 11) से कनेक्ट करें.
- उसी होम नेटवर्क से अपना PC कनेक्ट करें.
- सुनिश्चित करें कि आपके PC का फ़ायरवॉल, आपको Windows मीडिया प्लेयर प्रोग्राम्स चलाने की अनुमति देता है.

### Microsoft Windows मीडिया प्लेयर 11

1 होम थिएटर को नेटवर्क रूटर से कनेक्ट करें (देखें 'किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 11).
2 कंप्यूटर ऑर रूटर को चालू करें.
3 कंप्यूटर पर Windows Media Player खोलें.
4 लाइब्रेरी > मीडिया साझाकरण का चयन करें, फिर अपनी मीडिया साझा करने के लिए सेटिंग्स का चयन करें.
5 लाइब्रेरी > लाइब्रेरी से जोड़ें का चयन करें, फिर जिस फ़ोल्डर में आपकी मीडिया है, उसे साझा करने के लिए सेटिंग्स का चयन करें.
6 उन्नत विकल्प का चयन करें, फिर साझा करने के लिए फ़ोल्डर्स जोड़ें.
7 परिवर्तनों को सक्रिय करने के लिए लाइब्रेरी > मीडिया जानकारी परिवर्तनों को लागू करें का चयन करें.

### Macintosh OS X Twonky Media (v4.4.2) में

1 होम थिएटर को नेटवर्क रूटर से कनेक्ट करें (देखें 'किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 11).
2 Macintosh और राउटर को चालू करें.
3 सॉफ़्टवेयर खरीदने या मुफ़्त 30 दिन का परीक्षण आपके Macintosh पर डाउनलोड करने के लिए www.twonkymedia.com पर जाएं.
4 Macintosh पर Twonky Media को खोलें.
   ↳ मीडिया साझा सेटिंग डिफ़ॉल्ट रूप से चालू हो जाती है, इस तरह यह आपको मीडिया साझा के लिए फ़ोल्डर सीधे जोड़ने में सक्षम बनाता है.
5 मूल सेटअप > साझाकरण का चयन करें, फिर फ़ोल्डर स्थान या और अधिक फ़ोल्डर्स जोड़ने के लिए सेटिंग्स का चयन करें.
6 परिवर्तन सक्रिय करने के लिए परिवर्तन सहेजें का चयन करें.

### मल्टीमीडिया सामग्री को चलाएँ

नोट

- कंप्यूटर से मल्टीमीडिया सामग्री को चलाने से पहले, सुनिश्चित करें कि होम थिएटर कंप्यूटर नेटवर्क से कनेक्ट हो और मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर उचित तरीके से सेटअप हो.

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
   ↳ होम मेनू प्रकट होता है.
2 [PC ब्राउज़ करें] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
   ↳ सामग्री ब्राउज़र प्रकट होता है.
3 फ़ाइल का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
4 चलाना (देखें 'एक डिस्क चलाएँ' पृष्ठ पर 14) नियंत्रित करने के लिए प्लेबैक बटंस दबाएँ.

## नेट TV ब्राउज़ करें

होम थिएटर को इंटरनेट से कनेक्ट कर, आप वीडियोज़, चित्र, संगीत, जानकारी, गेम्स और अन्य ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँचने के लिए नेट TV का उपयोग कर सकते हैं.

नोट

- Koninklijke Philips Electronics N.V. नेट TV सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई सामग्री के लिए कोई जवाबदेही नहीं लेता.

(नेट टीवी सुविधा चीन और लैटिन अमेरिका में उपलब्ध नहीं है)

### नेट TV तक पहुँच प्राप्त करें

1 इंटरनेट कनेक्शन और नेटवर्क सेट अप (देखें 'किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 11) करने की तैयार करें.
2 ⌂ (होम) दबाएँ.
   ↳ होम मेनू प्रदर्शित होता है.
3 [NetTV ब्राउज़ करें]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.
   ↳ नेट TV होम पृष्ठ प्रकट होता है.
4 नेट TV वेब पृष्ठों या सेवाओं पर नेविगेट करने के लिए नेविगेशन बटन दबाएँ.
5 आइटम को देखने या चयन करने के लिए OK दबाएँ.
6 पिछले पृष्ठ पर लौटने के लिए ⮌ BACK दबाएँ या बाहर निकलने के लिए होम (⌂) दबाएँ.

### ब्राउज़िंग इतिहास साफ़ करें

अपने होम थिएटर से पासवर्ड्स, कुकीज़ और ब्राउज़िंग डेटा निकालने के लिए ब्राउज़िंग इतिहास साफ़ करें.

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
3 [नेटवर्क] > [नेट टीवी स्मृति को साफ करता है] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

## रेडियो से चलाएँ

होम थिएटर 40 रेडियो स्टेशंस तक संग्रहीत कर सकता है.

1 जाँच करें कि FM एंटेना कनेक्ट किया गया है.
2 RADIO दबाएँ.
   ↳ यदि आपने कोई भी रेडियो स्टेशन स्थापित नहीं किया है, तो "AUTO INSTALL...PRESS PLAY' प्रदर्शन पैनल पर प्रकट होता है. ▶ (चलाएँ) दबाएँ.
3 चलाना नियंत्रित करने के लिए निम्न बटन दबाएँ:

| बटन | क्रिया |
|---|---|
| ⏮ / ⏭ | प्रीसेट रेडियो स्टेशन का चयन करता है. |
| नेविगेशन बटन (बाएँ/दाएँ) | रेडियो स्टेशन खोजता है. |
| नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) | रेडियो आवृति को फ़ाइन ट्यून करता है. |
| ■ | प्रीसेट रेडियो स्टेशन को मिटाने के लिए दबाए रखें.<br>रेडियो स्टेशंस की स्थापना रोकने के लिए दबाएँ. |
| ☰OPTIONS / ⊟ (विकल्प) | मैन्युअल: प्रोग्राम मोड तक पहुँचने के लिए एक बार दबाएँ और रेडियो स्टेशन संग्रहीत करने के लिए दोबारा दबाएँ.<br>स्वचालित: रेडियो स्टेशन पुन: स्थापित करने के लिए पाँच सेकेंड के लिए दबाए रखें. |
| RADIO | स्टीरियो और मोनो ध्वनि के बीच टॉगल करता है. |

नोट

- AM और डिजिटल रेडियो समर्थित नहीं हैं.
- अगर कोई भी स्टीरियो सिग्नल नहीं मिलता या अगर पाँच से कम स्टेशंस ही मिलते हैं, तो आपको रेडियो स्टेशंस पुनः स्थापित करने का संकेत दिया जाता है.
- सर्वोत्तम रिसेप्शन के लिए, ऐंटिना को हमेशा TV या विकिरण के अन्य स्रोतों से दूर लगाएँ.

### ट्यूनिंग ग्रिड परिवर्तित करें

कुछ देशों में, आप FM ट्युनिंग ग्रिड को 50 kHz और 100 kHz के बीच स्विच कर सकते हैं. ट्यूनिंग ग्रिड को बदलना पहले से सेट किए गए सभी रेडियो स्टेशंस को निकाल देता है.

1 RADIO दबाएँ.
2 ■ (रोकें) दबाएँ.
3 100 kHz और 50 kHz आवृत्ति के बीच टॉगल करने के लिए ▶ (चलाएँ) को दबाकर रखें.

## TV या अन्य डिवाइसेज़ से ऑडियो चलाएँ

कनेक्ट किए गए डिवाइस के ऑडियो आउटपुट का चयन करने के लिए बार-बार ♪SOURCE / AUDIO SOURCE दबाएँ.

## एक MP3 प्लेयर से चलाएँ

एक MP3 प्लेयर या अन्य बाह्य ऑडियो डिवाइसेज़ से ऑडियो फ़ाइलें कनेक्ट करें और चलाएँ.

1 MP3 प्लेयर को होम थिएटर से कनेक्ट करें जैसा कि त्वरित प्रारम्भ निर्देशिका में निर्दिष्ट है.
2 ♪SOURCE/ AUDIO SOURCE तब तक दबाएँ, जब तक प्रदर्शन फलक पर 'MP3 LINK' प्रकट नहीं होता है.
3 ऑडियो फ़ाइलों के चयन और चलाने के लिए MP3 प्लेयर पर बटंस दबाएँ.

## एक iPod या iPhone से चलाएँ

iPod/iPhone के लिए Philips Dock को कनेक्ट और स्थापित कर, आप अपने iPod या iPhone से संगीत, चलचित्र और फ़ोटो चलाने के लिए होम थिएटर का उपयोग कर सकते हैं.

नोट

- iPod/iPhone के लिए Philips Dock पृथक रूप से बेचा जाता है.
- होम थियेटर के iPod मोड में होने पर, आप अपने iPod/ iPhone को dock पर चार्ज कर सकते हैं.

### अपने iPod या iPhone को Dock करें

1 Dock को होम थिएटर से कनेक्ट करें और dock के जुड़े हुए पीले केबल को TV से कनेक्ट करें. अधिक जानकारी के लिए dock के साथ प्रदान किए गए त्वरित प्रारंभ को देखें.
2 iPod या iPhone को चालू करें और इसे dock में स्थित करें.
3 होम थिएटर रिमोट कंट्रोल पर ⌂ (होम) दबाएँ, फिर [iPod ब्राउज़ करें.] का चयन करें और OK दबाएँ.

### संगीत सुनें

1 अपने iPod या iPhone (देखें 'अपने iPod या iPhone को Dock करें' पृष्ठ पर 19) को Dock करें
2 होम थिएटर रिमोट कंट्रोल पर DOCK for iPod दबाएँ.
   ↳ प्लेलिस्ट TV पर प्रदर्शित है.
3 ट्रैक्स का चयन करने और चलाने के लिए नेविगेशन बटन और OK दबाएँ.

### वीडियो या स्लाइडशो देखें

नोट

- iPod पर TV ON सेटिंग सक्षम करें.
- iPhone पर TV Out विकल्प का चयन करें.

1 अपने iPod या iPhone (देखें 'अपने iPod या iPhone को Dock करें' पृष्ठ पर 19) को Dock करें
2 TV को AV/VIDEO स्रोत पर स्विच करता है (जुडे हुए पीले केबल के आगे).
   ↳ TV स्क्रीन रिक्त हो जाती है.
3 वीडियोज़ या फ़ोटोज़ का चयन करने के लिए iPod या iPhone स्क्रीन को ब्राउज़ करें.
4 वीडियोज़ और फ़ोटोज़ को चलाने के लिए ▶ (चलाएँ) दबाएँ.
   ↳ चित्र TV पर प्रदर्शित है.

## Philips EasyLink का उपयोग करें.

होम थिएटर Philips EasyLink का समर्थन करता है, जो HDMI CEC (उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स नियंत्रण) प्रोटोकोल का उपयोग करता है. HDMI कनेक्टर्स के द्वारा कनेक्ट किए गए EasyLink-संगत डिवाइसेज़ एक एकल रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित किए जा सकते हैं.

नोट

- Philips सभी HDMI CEC डिवाइसेज़ के साथ 100% अंतर्संचालनीयता की गारंटी नहीं देता है.

1 टीवी और अन्य कनेक्ट किए गए डिवाइसेज़ पर HDMI CEC क्रियाओं पर स्विच करें. विवरण के लिए टीवी या अन्य डिवाइसेज़ का मैन्युअल देखें.
2 ⌂ (होम) दबाएँ.
3 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

4 [EasyLink] > [EasyLink] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

5 [चालू]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.

6 आप अब निम्न Philips EasyLink नियंत्रणों का आनंद ले सकते हैं.

| |
|---|
| वन-टच प्ले<br>जब आप एक डिस्क चलाते हैं, तो TV स्वचालित रूप से सही चैनल स्विच करता है. |
| वन-टच स्टैंडबाय<br>जब आप रिमोट कंट्रोल पर ⏻ (स्टैंडबाय) दबाए रखते हैं, तो होम थिएटर और सभी कनेक्ट किए गए HDMI CEC डिवाइसेज़ (यदि वे वन-टच स्टैंडबाय का समर्थन करते हैं) एक साथ स्टैंडबाय मोड पर स्विच कर जाते हैं. |
| सिस्टम ऑडियो नियंत्रण<br>जब आप एक डिवाइस चलाते हैं जिसका ऑडियो आउटपुट होम थिएटर में रूट किए गए हैं, तो होम थिएटर स्वचालित रूप से अनुरूप ऑडियो स्रोत पर स्विच कर जाता है.<br>वन-टच ऑडियो उपयोग करने के लिए, कनेक्ट किए गए डिवाइसेज़ को सही तरीके से होम थिएटर के ऑडियो इनपुट जैक्स मैप करने के लिए यह विशेषता सक्षम करें और निर्देशों का अनुसरण करें. |
| ऑडियो इनपुट मैपिंग<br>अगर नए डिवाइसेज़ कनेक्ट किए गए हैं, तो ऑडियो इनपुट मैपिंग का अघतन करता है. |

# 6 सेटिंग्स परिवर्तित करें

यह अनुभाग आपके अपने होम थिएटर की सेटिंग्स परिवर्तित करने में आपकी मदद करता है.

**!** सावधानी

- अधिकतर सेटिंग्स, होम थिएटर के लिए सर्वोत्तम मान के साथ पहले ही कॉन्फ़िगर की जा चुकी हैं. जब तक आपके पास सेटिंग परिवर्तित करने का कोई विशिष्ट कारण न हो, तब तक इसे डिफ़ॉल्ट मान पर छोड़ना सर्वोत्तम है.

## सेटअप मेनू तक पहुँच प्राप्त करें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.

2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

↪ सेटअप मेनू प्रकट होता है.

3 एक सेटअप मेनू का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

अपने होम थिएटर की सेटिंग्स कैसे परिवर्तित करें के बारे में जानकारी के लिए निम्न अनुभाग देखें.

4 पिछले मेनू पर लौटने के लिए ⮌ BACK दबाएँ या बाहर निकलने के लिए ⌂ दबाएँ.

नोट

- आप धूसर की गई कोई सेटिंग परिवर्तित नहीं कर सकते हैं.

## वीडियो सेटिंग्स परिवर्तित करें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.

2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

3 [वीडियो]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.

4 निम्न सेटिंग्स का चयन करें और उन्हें समायोजित करें:

- [टीवी प्रदर्शन]: TV स्क्रीन पर फ़िट करने के लिए एक चित्र प्रदर्शन स्वरूप का चयन करता है.
- [HDMI वीडियो]: HDMI वीडियो रिज़ॉल्यूशन का चयन करता है.
- [HDMI गहरा रंग]: जब वीडियो सामग्री गहरे रंग में रिकॉर्ड की जाती है और TV इस विशेषता का समर्थन करता है तो अधिक छाया और छटा के साथ रंग प्रदर्शित करता है.
- [घटक वीडियो]: घटक वीडियो रिज़ॉल्यूशन का चयन करता है. प्रतिलिपि-सुरक्षित DVD केवल 480p/576p या 480i/576i प्रदर्शित कर सकते हैं.

- [ब्लू-रे 3D वीडियो]: जब आप अपने होम थियेटर पर 3D वीडियो चलाते हैं तो 3-आयामी वीडियो आउटपुट का चयन करता है. होम थियेटर को HDMI के माध्यम से 3D TV में कनेक्ट होना आवश्यक है.
- [चित्र सेटिंग्स]: एक पूर्वनिर्धारित रंग सेटिंग का चयन करता है.

5 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

नोट

- TV के लिए सर्वोत्तम सेटिंग स्वचालित रूप से चयनित है. अगर आप सेटिंग परिवर्तित करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि TV नई सेटिंग का समर्थन करता है.
- HDMI से संबंधित सेटिंग्स के लिए, TV को HDMI के द्वार कनेक्ट किया जाना चाहिए.
- प्रगतिशील या घटक वीडियो से संबंधित सेटिंग्स के लिए, TV को घटक वीडियो द्वारा कनेक्ट किया जाना आवश्यक है.

## ऑडियो सेटिंग्स परिवर्तित करें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
3 [ऑडियो]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.
4 निम्न सेटिंग्स का चयन करें और उन्हें समायोजित करें:

- [रात्रि मोड] : शांत या पूर्ण डायनेमिक ध्वनि का चयन करता है. रात्रि मोड, तेज़ ध्वनियों के वॉल्यूम को घटाता है और वाक् जैसी मृदु ध्वनियों के वॉल्यूम को बढ़ाता है.
- [HDMI ऑडियो] : TV के लिए HDMI ऑडियो स्वरूप का चयन करता है या HDMI ऑडियो आउटपुट को अक्षम करता है.
- [Ambisound सेटअप] : सर्वोत्तम सराउंड साउंड प्रभाव देने के लिए Ambisound सेट करता है. अद्यतन की पुष्टि के लिए TV पर निर्देशों का अनुसरण करें.

5 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

नोट

- HDMI से संबंधित सेटिंग्स के लिए, TV को HDMI के द्वार कनेक्ट किया जाना चाहिए.
- रात्रि मोड डॉल्बी एंकोड की गई DVD और ब्लू-रे डिस्क्स (ब्लू-रे प्लेबैक का समर्थन करने वाले मॉडल्स के लिए) के लिए उपलब्ध है.

## नेटवर्क सेटअप करें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
3 [नेटवर्क]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.
4 निम्न सेटिंग्स का चयन करें और उन्हें समायोजित करें:

- [नेटवर्क की स्थापना करता है] : वायर्ड (इथरनेट) या वायरलेस सेटअप प्रारंभ करता है. नेटवर्क कनेक्शन को सेटअप करने के लिए निर्देशों का पालन करें.
- [नेटवर्क सेटिंग्स देखता है] : वर्तमान नेटवर्क सेटिंग्स प्रदर्शित करता है.
- [वायरलेस सेटिंग्स देखता है] : वर्तमान वाई-फ़ाई सेटिंग्स प्रदर्शित करता है.
- [नेट टीवी उपयोगकर्ता स्थान] : नेट TV सामग्री और सेवाओं तक पहुँचने के लिए स्थान का चयन करता है.
- [नेट टीवी स्मृति को साफ करता है] : नेट TV स्मृति साफ़ करता है, नेट TV ब्राउज़र की अस्थायी रूप से डाउनलोड की गई फ़ाइलों (उदा. कुकीज़) को हटाता है.

5 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

नोट

- नेट टीवी सुविधा चीन और लैटिन अमेरिका में उपलब्ध नहीं है

## EasyLink सेटअप करें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
3 [EasyLink]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.
4 निम्न सेटिंग्स का चयन करें और उन्हें समायोजित करें:

- [EasyLink] : EasyLink सक्षम या अक्षम करता है.
- [एकल स्पर्श प्ले] : वन टच प्ले सक्षम या अक्षम करता है.

  अगर सक्षम किया गया हो, तो आप होम थिएटर में डिस्क चलाना प्रारंभ करने के लिए रिमोट कंट्रोल का उपयोग कर सकते हैं और TV स्वचालित रूप से सही चैनल पर स्विच करता है.
- [एकल स्पर्श स्टैंडबाय] : वन टच स्टैंडबाय सक्षम या अक्षम करता है.

  अगर सक्षम किया गया हो, तो होम थिएटर को TV या अन्य कनेक्ट किए गए HDMI CEC डिवाइसेज़ से एक रिमोट कंट्रोल द्वारा स्टैंडबाय पर जाने के लिए बंद किया जा सकता है.

- [सिस्टम ऑडियो नियंत्रण] : सिस्टम ऑडियो नियंत्रण सक्षम या अक्षम करता है.

  अगर सक्षम किया गया हो, तो होम थिएटर के ऑडियो कनेक्टर्स से सही तरीके से कनेक्ट किए गए डिवाइसेज़ मैप करने के लिए TV पर निर्देशों का अनुसरण करें. होम थिएटर कनेक्ट किए गए डिवाइस के ऑडियो स्रोत पर स्वचालित रूप से स्विच करता है.
- [ऑडियो इनपुट मैपिंग] : अगर नए डिवाइसेज़ कनेक्ट किए गए हैं, तो ऑडियो इनपुट मैपिंग का अद्यतन करता है.

5 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

नोट

- कनेक्ट किए डिवाइस अवश्य ही HDMI के माध्यम से कनेक्ट किए और चालू होने चाहिए.

## प्राथमिकता सेटिंग्स परिवर्तित करें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
3 [प्राथमिकता]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.
4 निम्न सेटिंग्स का चयन करें और उन्हें समायोजित करें:

- [मेनू भाषा] : ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन मेनू भाषा का चयन करता है.
- [ऑडियो] : वीडियो के लिए ऑडियो भाषा का चयन करता है.
- [उपशीर्षक] : वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करता है.
- [डिस्क मेनू] : वीडियो डिस्क के लिए मेनू भाषा का चयन करता है.
- [पैरेंटल नियंत्रण] : रेटिंग्स के साथ रिकॉर्ड की गई डिस्क्स तक पहुँच प्रतिबंधित करता है. रेटिंग पर ध्यान दिए बिना सभी डिस्क्स चलाने के लिए, स्तर '8' का चयन करें.
- [स्क्रीन सेवर] : स्क्रीन सेवर मोड को सक्षम या अक्षम करता है. अगर सक्षम किया गया जाता है, तो स्क्रीन निष्क्रियता के 10 मिनट के बाद निष्क्रिय मोड में प्रवेश करता है (उदाहरण के लिए, ठहरें या रोकें मोड में).
- [उपशीर्षक स्वतः खिसकाएँ] : शिफ़्ट उपशीर्षक सक्षम या अक्षम करता है. यदि सक्षम हो, तो यह TV स्क्रीन पर फ़िट करने के लिए उपशीर्षक स्थिति को स्वचालित रूप से समायोजित करता है.
- [पासवर्ड परिवर्तित करें] : किसी प्रतिबंधित डिस्क को चलाने के लिए एक PIN कोड सेट या परिवर्तित करता है. अगर आपके पास PIN नहीं है या आप अपना PIN भूल गए हैं, तो '0000' दर्ज करें.
- [प्रदर्शन कक्ष] : प्रदर्शन पैनल की चमक को परिवर्तित करता है.
- [स्वत: स्टैंडबाय] : स्वत: स्टैंडबाय को सक्षम या अक्षम करता है. यदि सक्षम हो तो होम थियेटर निष्क्रियता के 30 मिनट के बाद स्टैंडबाय पर स्विच करता है (उदाहरण के लिए, ठहरें या रोकें मोड में).
- [VCD PBC] : VCD और SVCD डिस्क्स के लिए सामग्री मेनू प्रदर्शित करता है या छोड़ता है.
- [स्लीप टाइमर] : एक विशिष्ट समय के बाद होम थिएटर को स्टैंडबाय मोड में स्विच करने के लिए स्लीप टाइमर सेट करता है.

5 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

नोट

- यदि आपकी पसंदीदा डिस्क भाषा उपलब्ध नहीं है, तो आप सूची से चयन [अन्य] कर सकते हैं और वह 4-अंक वाली भाषा कोड दर्ज कर सकते हैं, जो इस मैन्युअल के पीछे ढूँढी जा सकती है.
- अगर अपने किसी ऐसी भाषा का चयन किया है जो एक डिस्क पर उपलब्ध नहीं है, तो होम थिएटर डिस्क की डिफ़ॉल्ट भाषा का उपयोग करता है.

## उन्नत सेटिंग्स परिवर्तित करें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.
3 [उन्नत]का चयन करें, फिरOK दबाएँ.
4 निम्न सेटिंग्स का चयन करें और उन्हें समायोजित करें:

- [BD-लाइव सुरक्षा] : BD-लाइव तक पहुँच प्रतिबंधित करता है या उसकी अनुमति देता है.
- [सॉफ़्टवेयर अद्यतन] : नेटवर्क या USB संग्रहण डिवाइस से सॉफ़्टवेयर अद्यतन करने का चयन करता है.
- [मेमोरी साफ़ करें] : स्थानीय स्मृति साफ़ करता है, वे BD-लाइव फ़ाइलें हटाता है जिन्हें आपने पूर्व में डाउनलोड की थीं. यदि एक USB संग्रहण डिवाइस का उपयोग कर रहे हैं, तो स्थानीय संग्रहण फ़ोल्डर 'BUDA' है.
- [DivX® VOD कोड] : होम थिएटर के लिए DivX VOD पंजीकरण कोड प्रदर्शित करता है.
- [संस्करण जानकारी] : होम थिएटर के लिए सॉफ़्टवेयर संस्करण प्रदर्शित करता है.
- [डिफ़ॉल्ट सेटिंग्स पुनर्स्थापित करें] : होम थिएटर को फ़ैक्टरी में प्रोग्राम की गई डिफ़ॉल्ट सेटिंग्स पर रीसेट करता है.

5 अपने विकल्प की पुष्टि करने के लिएOK दबाएं.

नोट

- आप वाणिज्यिक ब्लू-रे डिस्क्स पर इंटरनेट पहुँच प्रतिबंधित नहीं कर सकते.
- आपके DivX वीडियोज़ ख़रीदने और उन्हें होम थिएटर पर चलाने से पहले, होम थिएटर को DivX VOD कोड का उपयोग करते हुए www.divx.com पर पंजीकृत करें.
- आप अभिभावक नियंत्रण सेटिंग को उसके डिफ़ॉल्ट मान पर रीसेट नहीं कर सकते.

# 7 सॉफ़्टवेयर का अद्यतन करें

नए अद्यतन की जाँच के लिए, अपने होम थिएटर के वर्तमान संस्करण की <ब्रांड> वेब साइट पर नवीनतम सॉफ्टवेयर संस्करण के साथ तुलना करें.

## सॉफ़्टवेयर संस्करण जाँचें

1 ⌂ (होम) दबाएँ.

2 [सेटअप] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

3 [उन्नत] > [संस्करण जानकारी] का चयन करें, फिर OK दबाएँ.

↳ सॉफ़्टवेयर संस्करण प्रदर्शित किया जाता है.

## नेटवर्क से सॉफ़्टवेयर अद्यतन करें

1 इंटरनेट कनेक्शन (देखें 'किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 11) तैयार करें.

2 ⌂ (होम) दबाएँ और [सेटअप] का चयन करें.

3 [उन्नत] > [सॉफ़्टवेयर अद्यतन] > [नेटवर्क] का चयन करें.

↳ यदि कोई नवीनीकृत मीडिया मिलता है तो आपको अद्यतन प्रारंभ या रद्द करने के लिए संकेत दिया जाता है.

4 अद्यतन की पुष्टि के लिए टीवी पर निर्देशों का अनुसरण करें.

↳ पूर्ण होने पर, होम थिएटर स्वचालित रूप से बंद हो जाता है और फिर चालू हो जाता है.

- यदि ऐसा न हो, तो कुछ सेकेंड के लिए पावर कॉर्ड डिस्कनेक्ट करें और फिर इसे पुनः कनेक्ट करें.

नोट

- यदि होम थिएटर Philips सर्वर से कनेक्ट होने में असमर्थ है, तो नेटवर्क सेटअप करने के लिए ⌂ (होम) दबाएँ, [सेटअप] > [नेटवर्क] > [नेटवर्क की स्थापना करता है] का चयन करें.

## USB से सॉफ़्टवेयर अद्यतन करें

1 www.philips.com/support पर नवीनतम सॉफ़्टवेयर संस्करण के लिए जाँचें.

- अपने मॉडल को खोजें और 'सॉफ़्टवेयर और ड्राइवर्स' पर क्लिक करें.

2 अपने USB संग्रहण डिवाइस के रूट निर्देशिका में 'UPG' नामक एक फ़ोल्डर बनाएँ.

3 USB संग्रहण डिवाइस के '\UPG' फ़ोल्डर में सॉफ़्टवेयर को डाउनलोड करें.

4 '\UPG' फ़ोल्डर में सॉफ़्टवेयर को अनज़िप करें.

5 USB स्टोरेज डिवाइस को होम थियेटर से कनेक्ट करें.

6 ⌂ (होम) दबाएँ और [सेटअप] का चयन करें.

7 [उन्नत] > [सॉफ़्टवेयर अद्यतन] > [USB] का चयन करें.

8 अद्यतन की पुष्टि के लिए TV पर निर्देशों का अनुसरण करें.

↳ पूर्ण होने पर, होम थिएटर स्वचालित रूप से बंद हो जाता है और फिर चालू हो जाता है.

- यदि ऐसा न हो, तो कुछ सेकेंड के लिए पावर कॉर्ड डिस्कनेक्ट करें और फिर इसे पुनः कनेक्ट करें.

सावधानी

- जब सॉफ़्टवेयर अद्यतन प्रगति में हो तो पावर बंद न करें या USB स्टोरेज डिवाइस न निकालें क्योंकि इससे आप होम थियेटर को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं.

# 8 उत्पाद विनिर्देशन

नोट

- विनिर्देश और डिज़ाइन बिना किसी सूचना के परिवर्तित किए जा सकते हैं.

क्षेत्र कोड

होम थिएटर के पीछे या नीचे टाइप प्लेट दिखाता है कि वह किस क्षेत्र का समर्थन करता है

| देश | DVD | BD |
|---|---|---|
| यूरोप, यूनाइटेड कगिडम | ALL 2 | B |
| एशिया पैसफ़िकि, ताइवान, कोरयिा | ALL 3 | A |
| लैटनि अमेरकिा | ALL 4 | A |
| ऑस्ट्रेलयिा, न्यूज़ीलैंड | ALL 4 | B |
| रूस, भारत | ALL 5 | C |
| चीन | ALL 6 | C |

प्लेबैक मीडिया

- AVCHD, BD-RE, BD-वीडियो, DVD-वीडियो, DVD+R/+RW, DVD-R/-RW, DVD+R/-R DL, CD-R/CD-RW, ऑडियो CD, वीडियो CD/SVCD, चित्र CD, MP3-CD, WMA-CD, DivX (अल्ट्रा)-CD, USB संग्रहण डिवाइस

फ़ाइल स्वरूप

- ऑडियो: .mp3, .wma, .wav
- वीडियो: .avi, .divx, .mkv, .wmv
- चित्र: .jpg, .gif, .png

एम्पलीफ़ायर

- कुल आउटपुट पॉवर: 500W RMS, 10% THD
- आवृत्ति प्रतिसाद: 40 Hz-20 kHz / ±3dB
- सिग्नल-से-आवाज़ अनुपात: > 65 dB (CCIR) / (A-weighted)
- इनपुट संवेदनशीलता:
  - AUX: 1500 mV
  - MP3 LINK: 750 mV

वीडियो

- सिग्नल सिस्टम: PAL / NTSC
- घटक वीडियो आउटपुट: 480i/576i, 480p/576p, 720p, 1080i
- HDMI आउटपुट: 480i/576i, 480p/576p, 720p, 1080i, 1080p, 1080p24

ऑडियो

- S/PDIF डिजिटल ऑडियो इनपुट:
  - समाक्षीय: IEC 60958-3
  - ऑप्टिकल: TOSLINK
- सैंपलिंग आवृत्ति:
  - MP3: 32 kHz, 44.1 kHz, 48 kHz
  - WMA: 44.1 kHz, 48 kHz
- स्थिर बिट रेट:
  - MP3: 112 kbps - 320 kbps
  - WMA: 48 kbps - 192 kbps

रेडियो

- ट्यूनिंग श्रेणी:
- यूरोप/चीन: FM 87.5-108 MHz (50 kHz)
- एशिया प्रशांत/रूस/लैटिन अमेरिका/भारत: FM 87.5-108 MHz (50/100kHz)
- सिग्नल-से-ध्वनि अनुपात: FM 55 dB
- आवृत्ति प्रतिक्रिया: FM 60 Hz-12.5 kHz / ±3dB

USB

- संगतता: तेज़-गति यूएसबी (2.0)
- क्लास समर्थन: UMS (USB मास स्टोरेज क्लास)
- फ़ाइल सिस्टम: NTFS, FAT16, FAT32
- अधिकतम स्मृति समर्थन: < 160GB

मुख्य इकाई

- पावर आपूर्ति:
  - यूरोप/रूस/चीन/भारत: 220-240V, ~50Hz
  - एशिया पैसिफ़िक/लैटिन अमेरिका: 110-127V/220-240V; ~50-60Hz स्विच करने योग्य
- पावर खपत: 115 W
- स्टैंडबाय बिजली खपत: < 0.22 W
- बीच का स्पीकर:
  - स्पीकर इंपीडेंस: 4 ohm
  - स्पीकर ड्राइवर: 2 x 64 mm (2.5") पूरी श्रेणी
  - आवृत्ति प्रतिसाद: 150 Hz-20 kHz
- आगे/पीछे के स्पीकर्स:
  - स्पीकर इंपीडेंस: 6 ohm
  - स्पीकर ड्राइवर्स: 4 x 64 mm (2.5") पूरी श्रेणी
  - आवृत्ति प्रतिसाद: 150 Hz-20 kHz
- आयाम (WxHxD): 955 x 155 x 96 मिमी
- भार: 6.6 किग्रा

सबवूफ़र
- प्रतिबाधा: 4 ohm
- स्पीकर ड्राइवर: 165 मिमी (6.5") वूफ़र
- आवृत्ति प्रतिसाद: 20 Hz-150 Hz
- आयाम (WxHxD): 196 x 397 x 342 (मिमी)
- भार: 6.03 किग्रा

वॉल माउंट
- आयाम (WxHxD): 682 x 108 x 17 (मिमी)
- भार: 1.3 किग्रा

लेज़र विनिर्देशन
- लेज़र प्रकार : InGaN/AIGaN (BD), InGaAIP (DVD), IGaAs (CD)
- विशिष्ट तरंगदैर्घ्य: 405 nm (BD), 660 nm (DVD), 783 nm (CD)
- आउटपुट पॉवर (अधिकतम. रेटिंग्स): 20 mW (BD), 130 mW (DVD), 160 mW (CD)

# 9 समस्या निवारण

चेतावनी

- इलेक्ट्रिक झटके का जोख़िम. कभी भी उत्पाद का आवरण न निकालें.

वारंटी को मान्य रखने के लिए, कभी भी स्वयं उत्पाद की मरम्मत करने का प्रयास न करें.

अगर आपको इस उत्पाद का उपयोग करने में समस्याएँ हैं, तो इससे पहले कि आप सेवा का अनुरोध करें निम्न बिंदुओं की जाँच करें. अगर आपको तब भी कोई समस्या है, तो अपना उत्पाद पंजीकृत करें और www.philips.com/welcome पर समर्थन प्राप्त करें.

अगर आप Philips से संपर्क करते हैं, आपसे आपके उत्पाद के मॉडल और क्रम अनुक्रमांक के बारे में पूछा जाएगा. मॉडल अनुक्रमांक और क्रम संख्या आपके उत्पाद के पीछे या नीचे है. संख्याएँ यहाँ लिखें:

मॉडल संख्या ________________________

क्रम संख्या ________________________

## मुख्य इकाई

इस होम थिएटर पर बटंस कार्य नहीं करते हैं.
- कुछ मिनट के लिए होम थिएटर को विद्युत आउटलेट से डिस्कनेक्ट करें, फिर पुनः कनेक्ट करें.

## चित्र

कोई चित्र नहीं.
- यह सुनिश्चित करें कि TV को होम थिएटर के लिए सही स्रोत पर स्विच किया गया है.

HDMI कनेक्शन पर कोई चित्र नहीं.
- HDMI वीडियो सेटिंग परिवर्तित करें या स्वतः पुनर्प्राप्ति के लिए 15 सेकेंड प्रतीक्षा करें.
- जाँच करें, यदि HDMI केबल त्रुटिपूर्ण हो. नई HDMI केबल से बदलें.

घटक (Y Pb Pr) कनेक्शन पर कोई चित्र नहीं.
- यदि HDMI वीडियो कनेक्शन को [स्वत:] या [1080p/24Hz] पर सेट किया गया है तो घटक कनेक्शन के माध्यम से कोई वीडियो आउटपुट नहीं है. HDMI वीडियो सेटिंग को परिवर्तित करें या HDMI कनेक्शन निकालें.

TV पर कोई उच्च-परिभाषित वीडियो सिग्नल नहीं.
- सुनिश्चित करें कि डिस्क्स में उच्च-परिभाषित वीडियो है.
- सुनिश्चित करें कि TV उच्च-परिभाषित वीडियो का समर्थन करता है.

## ध्वनि

कोई ध्वनि नहीं.

- सुनिश्चित करें कि ऑडियो केबल कनेक्ट किए गए हैं और उस डिवाइस के लिए सही इनपुट स्रोत (उदाहरण के लिए, ♪ SOURCE / AUDIO SOURCE) का चयन करें जिसे आप चलाना चाहते हैं.

HDMI कनेक्शन पर कोई ध्वनि नहीं.

- यदि कनेक्ट किया गया डिवाइस HDCP (उच्च-बैंडविड्थ डिजिटल सामग्री सुरक्षा) संगत या केवल DVI संगत नहीं है तो हो सकता है कि आपको कोई ध्वनि सुनाई न दे. कोई एनालॉग या डिजीटल ऑडियो कनेक्शन का उपयोग करें.
- सुनिश्चित करें कि [HDMI ऑडियो]सक्षम है.

TV प्रोग्राम से कोई ध्वनि नहीं.

- होम थिएटर पर ऑडियो इनपुट से TV पर ऑडियो आउटपुट तक एक ऑडियो केबल कनेक्ट करें, फिर सही ऑडियो स्रोत का चयन करने के लिए बार-बार ♪SOURCE / AUDIO SOURCE दबाएँ.

विकृत ध्वनि या प्रतिध्वनि.

- अगर आप होम थिएटर के द्वारा ऑडियो चला रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि TV वॉल्यूम म्यूट है या न्यूनतम पर सेट किया गया है.

ऑडियो और वीडियो सिंक्रनाइज़ नहीं किए गए हैं.

- 1) SOUND SETTINGS / (ध्वनि विकल्प) दबाएँ . 2) नेविगेशन बटन (बाएँ/दाएँ) को तब तक बार-बार दबाएँ, जब तक AUDIO SYNC प्रदर्शित न हो, फिर OK दबाएँ. 3) वीडियो के साथ ऑडियो सिंक करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ.

## चलाएँ

डिस्क को चलाया नहीं जा सकता.

- डिस्क रिक्त करें.
- सुनिश्चित करें कि होम थिएटर डिस्क (देखें 'उत्पाद विनिर्देशन' पृष्ठ पर 24) का समर्थन करता है.
- सुनिश्चित करें कि होम थिएटर डिस्क के क्षेत्र कोड का समर्थन करता है.
- DVD±RW या DVD±R के लिए, सुनिश्चित करें कि डिस्क अपने अंतिम रूप में है.

DivX वीडियो फ़ाइलें चलाई नहीं जा सकती हैं.

- सुनिश्चित करें कि DivX फ़ाइल 'होम थिएटर प्रोफ़ाइल' के अनुसार DivX एन्कोडर के साथ एन्कोड की गई है.
- सुनिश्चित करें कि DivX वीडियो फ़ाइल पूर्ण है.

DivX उपशीर्षक सही रूप से प्रदर्शित नहीं होता.

- सुनिश्चित करें कि उपशीर्षक फ़ाइल नाम, मूवी फ़ाइल नाम के समान है.
- सही वर्ण सेट का चयन करें: 1) ☰OPTIONS / (विकल्प) दबाएँ. 2) [वर्ण सेट] का चयन करें. 3) समर्थित वर्ण सेट का चयन करें. 4) OK दबाएँ.

USB स्टोरेज डिवाइस की सामग्री को पढ़ा नहीं जा सकता.

- सुनिश्चित करें कि USB स्टोरेज डिवाइस का स्वरूप होम थियेटर के साथ संगत (देखें 'उत्पाद विनिर्देशन' पृष्ठ पर 24) है.
- सुनिश्चित करें कि USB स्टोरेज डिवाइस ऐसे फ़ाइल सिस्टम के साथ स्वरूपित है जिसका होम थियेटर समर्थन करता है.

TV पर 'प्रवेश निषेध' या 'x' चिह्न प्रकट होता है.

- यह कार्रवाई संभव नहीं है.

EasyLink सुविधा कार्य नहीं करती है.

- सुनिश्चित करें कि होम थिएटर एक Philips ब्रांड EasyLink TV से कनेक्ट किया गया है और यह कि EasyLink चालू है.

जब मैं अपना TV चालू करता/करती हूँ, तब मैं अपना होम थिएटर चालू नहीं करना चाहता/चाहती.

- यह Philips EasyLink (HDMI-CEC) के लिए सही व्यवहार है. होम थिएटर को स्वतंत्र रूप से कार्य करने देने के लिए, EasyLink को बंद कर दें.

मैं BD-लाइव विशेषताओं तक नहीं पहुँच सकता/सकती हूँ.

- नेटवर्क कनेक्शन (देखें 'किसी कंप्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 11) की जाँच करें या सुनिश्चित करें कि नेटवर्क को सेट अप किया गया है. (देखें 'नेटवर्क सेट अप करें' पृष्ठ पर 12)
- मेमोरी संग्रहण (देखें 'उन्नत सेटिंग्स परिवर्तित करें' पृष्ठ पर 22) को साफ़ करें.
- सुनिश्चित करें कि ब्लू-रे डिस्क BD-लाइव विशेषता का समर्थन करता है.

iPod/iPhone की वीडियो (मूवीज़, फ़ोटोज़, वीडियो क्लिप्स आदि) सामग्री TV पर प्रदर्शित नहीं होती.

- वीडियो और फ़ोटो ब्राउज़ करना समर्थित नहीं है आप केवल iPod/iPhone पर ही वीडियो और ऑडियो को ब्राउज़ कर सकते हैं.

अपने TV पर मेरे iPod/iPhone से चित्रों को नहीं देख सकता/सकती.

- Dock के पीले जुड़े हुए केबल को TV से कनेक्ट करें.
- TV को AV/VIDEO स्रोत पर स्विच करता है (जुड़े हुए पीले केबल के आगे).
- स्लाइडशो प्रारंभ करने के लिए iPod या iPhone पर PLAY दबाएँ.

डॉकिंग स्टेशन में जब मैं अपना iPod या iPhone चलाता हूँ, तो ऑडियो बाधित होता है.

- सुनिश्चित करें कि आपने अपने iPod या iPhone पर नवीनतम फ़र्मवेअर स्थापित किया है. अधिक जानकारी के लिए अपने iPod या iPhone की समर्थन वेबसाइट को देखें.

मेरा 3D वीडियो 2D मोड में चलता है.

- सुनिश्चित करें कि आपका होम थियेटर HDMI के माध्यम से आपके 3D TV से कनेक्टेड है.
- सुनिश्चित करें कि आपका डिस्क ब्लू-रे 3D डिस्क है.
- सुनिश्चित करें कि [ब्लू-रे 3D वीडियो] सेटिंग चालू (देखें 'वीडियो सेटिंग्स परिवर्तित करें' पृष्ठ पर 20) है.

मैं अपने TV स्क्रीन पर काली वीडियो देखता हूँ.

- सुनिश्चित करें कि आपका होम थियेटर HDMI के माध्यम से आपके TV से कनेक्टेड है.
- अपने TV पर सही HDMI स्रोत पर स्विच करें.

## नेटवर्क

वायरलेस नेटवर्क नहीं मिला या दूषित है.

- सुनिश्चित करें कि वायरलेस नेटवर्क आपके आस-पास के माइक्रोवेव ओवन, dect फ़ोन्स या अन्य Wi-Fi डिवाइसेज़ द्वारा दूषित नहीं है.
- यदि वायरलेस नेटवर्क सही तरह से कार्य नहीं करता है (देखें 'नेटवर्क सेटअप करें' पृष्ठ पर 21) तो वायर्ड नेटवर्क स्थापना का प्रयास करें.

# 10 अनुक्रमणिका


## 3
3D वीडियो 15

## B
BD-लाइव
- पहुँच 15
- सेट अप करें 12

## D
DivX
- वर्ण सेट 16

DLNA 17

## E
EasyLink
- सेटिंग्स 19, 21

## H
HDMI CEC (Easylink देखें) 19

## I
iPod
- चलाएँ 19
- स्लाइड शो 19

## M
MP3
- चलाएँ 19

## T
TV
- TV से ऑडियो 10, 19
- कनेक्ट करें 9

## U
USB
- चलाएँ 16
- सॉफ़्टवेयर अद्यतन 23

## अ
अध्याय 16

अपने उत्पाद का निपटान 5

## इ
इंटरनेट
- BD-लाइव 15
- कनेक्ट करें 11
- सॉफ़्टवेयर अद्यतन 23

## उ
उत्पाद की देखभाल 4

उत्पाद विनिर्देशन 24

उपशीर्षक
- भाषा 16, 22

उपशीर्षक शिफ़्ट 16, 22

## ए
एंप्लिफ़ायर 24

## ऑ
ऑडियो
- कनेक्शन 10
- भाषा 22
- वीडियो के साथ सिंक्रनाइज़ करें 14

ऑडियो इनपुट मैपिंग 19, 21

## ओ
ओवरव्यू
- कनेक्टर्स 8
- मुख्य इकाई 5
- रिमोट कंट्रोल 6

## क
कनेक्ट करें
- TV 9
- TV से ऑडियो 10, 19
- अन्य डिवाइसेज़ 10
- नेटवर्क 11
- मार्गदर्शिका 8

कनेक्टर्स 8

क्षेत्र कोड 24

## च
चलाएँ
- 2D वीडियो 15
- 3D वीडियो 15
- MP3 प्लेयर 19
- PC से 17
- USB संग्रहण डिवाइस 16
- डिस्क 14
- मल्टीमीडिया सामग्री 17
- रेडियो 18
- विकल्प 14
- समस्या निवारण 26

चित्र
- घुमाएँ 16
- विकल्प 16
- समस्या निवारण 25
- स्लाइड शो 17, 16

चित्र-में-चित्र
- दूसरी उपशीर्षक भाषा 15
- दूसरी ऑडियो भाषा 15
- सक्षम करें 15

चित्रों को घुमाएँ 16

## ड

डिस्क
- चलाएँ 14
- समर्थित डिस्क्स 24

## द

देखभाल 4
दोहराएँ 16, 14

## ध

ध्वनि
- ट्रिबल और बास 14
- मोड 13
- समस्या निवारण 26
- सराउंड 13
- स्वतः वॉल्यूम 13

## न

नेट TV 18
नेटवर्क
- कनेक्ट करें 11
- सेट अप करें 12
- सॉफ़्टवेयर अघतन 23

## प

पासवर्ड (पिन कोड) 22

## फ़

फ़ाइल स्वरूप 24

## ब

बोनस दृश्य 15
ब्राउज़ करें
- PC 18
- नेट TV 18

## भ

भाषा
- उपशीर्षक 16, 22
- ऑडियो 16, 22
- ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन 22
- डिस्क मेनू 22

## म

मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर
- सेट अप करें 17

## र

रिमोट कंट्रोल 6
रीसायकल 5
रेडियो
- चलाएँ 18
- ट्यून करें 18
- प्रोग्राम 18

## व

वन-टच प्ले 19, 21
वन-टच स्टैंडबाय 19, 21
वायरलेस
वीडियो
- ऑडियो के साथ सिंक्रनाइज़ करें 14
- विकल्प 16

## श

शीर्षक 16

## स

समय खोज वीडियो 16
समस्या निवारण 25
सिस्टम ऑडियो नियंत्रण 19
सुरक्षा 4
सेटिंग्स
- EasyLink 21
- अभिभावक नियंत्रण 22
- नेटवर्क 21
- प्राथमिकताएँ 22

सेटिंग्स परिवर्तित करें 20
सॉफ़्टवेयर
- अघतन करें 23
- संस्करण 23

स्लाइड शो
- iPod/iPhone से चलाएँ 19
- अवधि 16
- ऐनिमेशन 16
- म्यूज़िकल स्लाइड शो चलाएँ 17

## ह

हमसे संपर्क करें 25